दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। रविवार 18 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 148 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## हथेली ईश्वर द्वारा बनाई गयी जन्मकुंडली : लक्ष्मीकांत त्रिपाठी

### आज दिल्ली के भारत मंडपम में मनाया जायेगा 10वां इंटरनेशनल पामिस्ट्री- डे






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारत की लुप्तप्राय विद्याओं विशेषकर हस्तरेखा विज्ञान के परामर्श, शोध एवं संरक्षण के क्षेत्र में निरत, अग्रणी संस्थान पामवेद फाउंडेशन द्वारा आज 18 मई रविवार को दिल्ली के भारत मंडपम में 10वां इंटरनेशनल पामिस्ट्री- डे मनाया जाएगा। जहां देश एवं विदेश के जिज्ञासु उपस्थित रहेंगे। पामवेद फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि विगत 30 वर्षों से केवल हाथ की रेखाओं के अध्ययन से आश्वस्त है कि व्यक्ति के जीवन में आने वाली स्वास्थ्य, संबंध एवं आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हाथ की रेखाओ के अध्ययन से किया जा सकता है।




# दिल्ली में आम आदमी पार्टी को लगा जोरदार झटका

## आप के 15 पार्षदों ने पार्टी से दिया इस्तीफा, एमसीडी में अलग गुट बनाने का ऐलान

### पार्षदों ने कहा- जनता से किए वादे पूरा नहीं कर पाए



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में आप के 15 नगर पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी नाम से तीसरा मोर्चा बनाने की घोषणा भी कर दी है। मुकेश गोयल नए मोर्चे का नेतृत्व करेंगे।

इस्तीफा देने वाले अन्य पार्षदों में हेमचंद गोयल, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, अशोक पांडेय, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार लाडी, मनीषा, सुमन अनिल राणा, देविंदर कुमार और दिनेश भारद्वाज शामिल हैं।

पार्षदों ने एक प्रेस रिलीज में लिखा, 'हम सभी पार्षद एमसीडी में साल 2022 में अअढ की टिकट से चुने गए थे। हालांकि, 2022 में चुनाव जीतने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व एमसीडी को ठीक से नहीं चला पाया।' 'बड़े नेताओं का पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई है। जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।'

25 अप्रैल को भाजपा के राजा इकबाल सिंह मेयर बने थे दिल्ली में पिछले महीने 25 अप्रैल को मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव हुए थे। आप ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें भाजपा उम्मीदवार राजा इकबाल सिंह ने 133 वोटों के साथ मेयर पद पर जीत हासिल की।

इसके अलावा भाजपा के पार्षद जय भगवान यादव डिप्टी मेयर चुने गए। कुल 142 वोट डाले गए थे। एक वोट अवैध घोषित कर दिया गया। कांग्रेस को महज 8 वोट मिले थे।

#### दिल्ली में इस साल कई विधायकों-पार्षदों ने आप छोड़ी

**2 फरवरी :** 8 विधायकों ने भाजपा जॉइन की आप के आठ विधायकों ने विधानसभा चुनाव से 4 दिन पहले 1 फरवरी को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। अगले दिन सभी भाजपा में शामिल हो गए। इनमें वंदना गौड़, रोहित महरौलिया, गिरीश सोनी, मदन लाल, राजेश ऋषि, बीएस जून, नरेश यादव और पवन शर्मा शामिल थे। पार्टी ने इन्हें 2025 के चुनाव में टिकट नहीं दिया था।

**15 फरवरी :** आप के 3 पार्षद भाजपा में शामिल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के 6 दिन बाद आम आदमी पार्टी के 3 पार्षद भाजपा में शामिल हो गए। इनमें एंड्रयूज गंज से पार्षद अनीता बसोया, आरके पुरम से पार्षद धर्मवीर और चपराना से पार्षद निखिल शामिल थी। इनके अलावा आप के 4 नेताओं ने भी भाजपा जॉइन की। संदीप बसोया अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। वे आप से नई दिल्ली के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।

चुनाव में भाजपा की जीत पहले ही तय थी क्योंकि उसके पास 117 और कांग्रेस के पास सिर्फ आठ पार्षद थे।

एमसीडी में अभी 238 सीटें, 12 सीटें खाली दिल्ली में हर साल मेयर पद और हर पांच साल में निकाय चुनाव होते हैं। 2022 के आखिरी निकाय चुनाव में आप ने 134 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था। भाजपा को 104 और कांग्रेस को 9 सीटें मिलीं। कुल 250 सीटों पर वोटिंग हुई थी। दिल्ली नगर निगम के एकीकरण से पहले 272 वार्डों के लिए वोटिंग होती थी। दिल्ली नगर निगम में अभी मौजूदा पार्षदों की संख्या 238 है। 250 में से 12 सीटें कुछ पार्षदों के दिल्ली विधानसभा और एक लोकसभा के लिए चुने जाने के कारण खाली हो गई। 250 सीटों में से, भाजपा के पास 117 पार्षद हैं।

शेष, पृष्ठ 2

# तुर्की के खिलाफ एक और कड़ा कदम, शारदा यूनिवर्सिटी ने भी तोड़े एजुकेशन रिलेशन

**ग्रेटर नोएडा:** भारत-पाक तनाव के बीच तुर्की की भूमिका से नाराजगी का दौर जारी है। हालांकि अब तनाव तो खत्म हो चुका है लेकिन तुर्की के प्रति लोगों का गुस्सा कम नहीं हो रहा है। इस बीच खबर मिली है कि ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी ने भी तुर्की से संबंध तोड़ दिए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

शारदा यूनिवर्सिटी ने तुर्की की दो यूनिवर्सिटी से एजुकेशनल रिलेशन तोड़ दिए हैं। भारत में शारदा यूनिवर्सिटी से हर साल तुर्की से बच्चे पढ़ने आते थे। शारदा यूनिवर्सिटी ने इन दोनों से अपना बॉन्ड तोड़ दिया है।

बता दें कि इससे पहले जामिया, जेएनयू और एलपीयू ने भी तुर्की का बायकॉट किया था। जुलाई से नया सेशन शुरू होने वाला है लेकिन अब शारदा के साथ तुर्की की यूनिवर्सिटी की एजुकेशनल पार्टनरशिप नहीं होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में तुर्की के खिलाफ अभियान चल रहा है।

**क्यों है तुर्की को लेकर गुस्सा?**




: भारत-पाक तनाव के बीच तुर्की ने पाकिस्तान का साथ दिया था। यह समर्थन कई रूपों में दिखा, जैसे कि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन द्वारा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ फोन पर बातचीत, पाकिस्तान को ड्रोन और हथियारों की आपूर्ति, और कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के रुख का समर्थन। तुर्की ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न की निंदा की और जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग का समर्थन किया।

तुर्की ने कश्मीर मुद्दे पर हमेशा पाकिस्तान का समर्थन किया है। एर्दोगन ने कश्मीर को लेकर भारत की नीतियों की आलोचना की और इसे पाकिस्तान के साथ अपने रुख के करीब बताया।

तुर्की और भारत के संबंध हाल के वर्षों में तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर कश्मीर और तुर्की के भारत विरोधी बयानों के कारण। भारत के अन्य देशों (जैसे इसराइल, ग्रीस) के साथ बढ़ते संबंधों ने भी तुर्की को पाकिस्तान के करीब ला दिया।

# शक्ति हो तो दुनिया प्रेम की भाषा भी सुनती है: संघ प्रमुख मोहन भागवत



**जयपुर।** जयपुर में हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि शक्ति हो तो दुनिया प्रेम की भाषा भी सुनती है। उन्होंने अपने भाषण में भारत की प्राचीन संस्कृति और त्याग की परंपरा को याद दिलाया। उन्होंने बताया कि भारत के इतिहास में भगवान श्री राम से लेकर भामाशाह जैसे महान व्यक्तित्वों ने त्याग और सेवा की मिसाल पेश की है।

मोहन भागवत ने कहा कि विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है। धर्म के माध्यम से ही मानवता की उन्नति संभव है। उन्होंने विशेष रूप से हिंदू धर्म की भूमिका को महत्वपूर्ण माना और कहा कि विश्व कल्याण हमारा प्रमुख धर्म है। उन्होंने भारत को दुनिया का सबसे प्राचीन देश बताते हुए कहा कि भारत की भूमिका बड़े भाई की जैसी है। मोहन भागवत का कहना है कि भारत विश्व में शांति और सौहार्द कायम करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# ट्रांस हिंडन जोन को सीपी ने सिखाई पुलिस बीट पुलिसिंग

## कहा- बीट में रहने वाले लोगों की पूरी हो इनफॉरमेशन





**गाजियाबाद करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने शनिवार को मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में ट्रांस हिंडन जोन को बीट पुलिस अधिकारियों को बीट पुलिसिंग के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इन सभी को अपने बीट क्षेत्र में सप्ताह में तीन बार भ्रमण कर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में पुलिसकर्मियों को जनता केंद्रित पुलिसिंग और बीट प्रणाली के बारे में बताया गया। बैठक में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मी अपनी बीट में निगरानी बढ़ाएं।जुआ, सट्टा, नशीला पदार्थ और शराब तस्करों पर निगरानी रखे। किसी भी सूरत में इस तरह के अवैध व्यापार बीट क्षेत्र में संचालित नहीं होने चाहिए। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगरानी बनाए रखें। बीट क्षेत्र के गणमान्य लोगों के संपर्क में रहें और उनसे तालमेल बनाए रखें।

#### सोशल मीडिया पर भी बढ़ाना है पुलिस को नेटवर्क

करंट क्राइम : व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर गणमान्य लोगों को जोड़ें। इससे क्षेत्र की गतिविधियों से अपडेट रहेंगे। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि समय-समय पर बीट बुक की जांच करते रहें। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। मौके पर एडिशन सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के साथ ही सभी थानों के एसएचओ, चौकी प्रभारी, दारोगा और सिपाही मौजूद रहे।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक विजय पर भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

## तिरंगा यात्रा युवाओं में देश के प्रति गौरव और आत्मबल जागृत करने का संदेश : अतुल गर्ग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर विधानसभा में शनिवार सायं 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा पी-ब्लॉक चौराहा (रानी लक्ष्मीबाई चौक), संजय नगर से प्रारंभ होकर, ग्रीन फील्ड स्कूल से, मिलन स्वीट चौराहे से होती हुई, रामलीला मैदान, हनुमान चौक संजय नगर में समाप्त हुई।

इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यात्रा में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधियों में विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, सांसद अतुल गर्ग तथा पूर्व महापौर आशा शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अतिरिक्त यात्रा में भाजपा के मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, राहुल तोमर, राहुल गोयल, विपिन चौधरी, विनीत शर्मा, गजेंद्र सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन का भारी उत्साह देखने को मिला। यात्रा का संयोजन अमित रंजन (यात्रा संयोजक) एवं मोनू त्यागी (यात्रा सह संयोजक) ने किया। प्रदीप चौधरी, सोनू भाटी ने मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी निभाई। यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता गण के साथ, मंडल पदाधिकारी, पार्षद गण तथा सभी कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मातृशक्ति के साथ शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह के साथ संपन्न हुई और जनमानस के बीच राष्ट्रगौरव की भावना को और मजबूती प्रदान की।

### ऑपरेशन सिंदूर सेना की रणनीतिक सफलता का प्रतीक : अजीत पाल त्यागी



**करंट क्राइम।** विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना की अद्वितीय वीरता और रणनीतिक सफलता का प्रतीक है। यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र के वीर सपूतों को सम्मान देने और युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करने का प्रयास है। मुरादनगर की धरती को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि हम ऐसे अवसर के साक्षी बनें।

### तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की पुनः स्मृति है : मयंक गोयल



महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने संबोधन में कहा, यह यात्रा केवल विजय का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की पुनः स्मृति है। भाजपा सदैव ऐसे आयोजनों के माध्यम से जनजागरण करती रही है और करती रहेगी।





### भारत की बढ़ती वैश्विक शक्ति : अशु वर्मा



पूर्व महापौर अशु वर्मा ने कहा, गाजियाबाद की जनता सदैव राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगी रही है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता भारत की बढ़ती वैश्विक शक्ति और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। यह यात्रा नई पीढ़ी को प्रेरित करने का माध्यम बनेगी।

### भारत की सेना के पराक्रम का सम्मान : अतुल गर्ग



सांसद अतुल गर्ग ने कहा, यह तिरंगा यात्रा न केवल सैन्य पराक्रम का सम्मान है, बल्कि युवाओं में देश के प्रति गौरव और आत्मबल जागृत करने का संदेश भी है।

### हर भारतीय के लिए गर्व की बात : आशा शर्मा



पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा, भारत की बेटियां और बेटों ने जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर में शौर्य का प्रदर्शन किया, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। यह यात्रा उसी जज्बे को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है।











# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सर्वदलीय डेलिगेशन का गठन

## भारतीय डेलिगेशन में थरूर के नाम पर विवाद, कांग्रेस बोली- हमने थरूर का नाम नहीं दिया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए सर्वदलीय सांसदों के 7 डेलिगेशन बनाए हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेगा।

संसदीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को डेलिगेशन को लीड करने वाले सांसदों के नाम जारी किए। इसमें कांग्रेस से एकमात्र सांसद शशि थरूर का नाम शामिल है। अब कांग्रेस ने कहा है कि उसने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, 'शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे।'

थरूर बोले- सम्मानित महसूस कर रहा हूं दूसरी तरफ, शशि थरूर ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर केंद्र का आभार जताया। उन्होंने पर लिखा, 'मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की राजधानियों में एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।'

इससे पहले शशि थरूर ने 8 मई को केंद्र सरकार की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश है। भारत ने 26 बेकसूर नागरिकों की मौत का बदला लेने के लिए सटीक कार्रवाई की।

**कांग्रेस ने कहा था- थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार की :** कांग्रेस के कई नेता ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्र सरकार की तारीफ करने पर शशि थरूर से नाराज हैं। दिल्ली में 14 मई को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई थी। इसमें कुछ नेताओं ने थरूर की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि यह निजी विचार व्यक्त करने का समय नहीं है, बल्कि पार्टी के आधिकारिक रुख को स्पष्ट करने का समय है। कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है, लेकिन लोग अपनी राय व्यक्त करते रहते हैं। इस बार थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार कर ली है।

**ओवैसी बोले- पाकिस्तान मानवता के लिए खतरा :** एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को ट्रेनिंग, फंडिंग और हथियार देकर मानवता के लिए खतरा बन गया है। पाकिस्तानी डीप स्टेट और पाकिस्तानी सेना का मकसद भारत की अर्थव्यवस्था को विफल करना और समुदायों को विभाजित करना है। ओवैसी ने कहा- ऑल पार्टी डेलीगेशन के साथ जाने पर वे विदेशी सरकारों को पाकिस्तान के इरादों के बारे में बताएंगे।

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान खुद को इस्लाम और सभी मुसलमानों का रक्षक बताता है, लेकिन यह बकवास है। भारत में भी 20 करोड़ मुसलमान हैं और वे पाकिस्तान की हरकतों की निंदा करते हैं। पाकिस्तान 1948 से भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है और वह रुकने वाला नहीं है। ओवैसी ने कर्नल सोफिया पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को कूड़ा बताया और कहा कि उन्हें भाजपा से बाहर निकाल देना चाहिए।

**पिछली सरकारों ने भी अपना पक्ष रखने के लिए डेलिगेशन विदेश भेजे- :** 1994: विपक्ष के नेता वाजपेयी ने यूएनएचआरसी में भारत का पक्ष रखा था ये पहली बार नहीं है, जब केंद्र सरकार किसी मुद्दे पर अपना पक्ष रखने के लिए विपक्षी पार्टियों की मदद लेगी। इससे पहले 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने कश्मीर के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखने के लिए विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारतीय डेलिगेशन को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग भेजा था।

उस डेलिगेशन में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और सलमान खुर्शीद जैसे नेता भी शामिल थे। तब पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघन के संबंध में यूएनएचआरसी के सामने एक प्रस्ताव पेश करने की तैयारी में था। हालांकि भारतीय डेलिगेशन ने पाकिस्तान के आरोपों का जवाब दिया और नतीजतन पाकिस्तान को अपना प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। उस समय यूएन में भारत के राजदूत हामिद अंसारी ने भी प्रधानमंत्री राव की रणनीति सफल कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### सुप्रिया सुले- श्रीकांत शिंदे भी डेलिगेशन का नेतृत्व करेंगे

संसदीय कार्य मंत्रालय ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने वाले जिन 7 सांसदों के नाम जारी किए हैं, उनमें थरूर के अलावा भाजपा से रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, जदयू के संजय कुमार झा, डीएमकेके कनिमोझी करुणानिधि, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले और शिवसेना (शिंदे गुट) के श्रीकांत एकनाथ शिंदे शामिल हैं। इनके नेतृत्व में सातों डेलिगेशन 23 या 24 मई को भारत से रवाना होंगे। फिर अगले 10 दिनों के लिए दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों में जाएंगे। वहां बताएंगे कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण क्या है और ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन क्यों और कैसे लिया गया। न्यूज एजेंसी पीटीआई के सूत्रों ने बताया कि सांसदों का डेलिगेशन अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और वअए जाएगा। हालांकि सरकार की तरफ से इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अनुराग ठाकुर-ओवैसी के भी विदेश दौरे पर जाने की संभावना न्यूज एजेंसी पीटीआई के सोर्स के मुताबिक, हर डेलिगेशन में लीडर्स सहित 5-5 मेंबर हो सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, ओडिशा से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, टीएमसी के सुदीप बन्योपाध्याय, बीजद के सस्मित पात्रा, सीपीआई—एम के जॉन ब्रिटास और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी को डेलिगेशन का हिस्सा बनाए जाने की संभावना है।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे वेस्ट यूपी, दिल्ली और देहरादून के एजेंट पकड़े








**शामली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी में पकड़े गए कैराना के नोमान इलाही से पूछताछ और पुलिस की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। कैराना के 14 युवाओं के अलावा मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और देहरादून के कई एजेंट पकड़े गए नोमान और पाकिस्तान में बैठे आईएसआई एजेंट इकबाल उर्फ काना के संपर्क में हैं। जांच में पता चला है कि कपड़े की फेरी, जन सुविधा केंद्र और प्राइवेट नौकरी की आड़ में सूचनाएं पाकिस्तान भेजी जा रही थीं।

**दिल्ली के युवक ने नोमान के खाते से किया ट्रांजेक्शन :** पानीपत की सीआईए (क्राइम इन्वेस्टीगेशन एजेंसी) प्रथम के सूत्रों के अनुसार, आरोपी नोमान इलाही के संपर्क में विभिन्न स्थानों के युवा हैं। पूछताछ में सामने आया है कि नोमान के खाते में करीब आठ हजार रुपये की ट्रांजेक्शन दिल्ली के रहने वाले किसी युवक ने की थी। माना जा रहा है कि उक्त युवक भी नोमान के साथ जुड़कर पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा है।

**इन सोशल मीडिया एप्स पर सक्रिय था नोमान, संपर्क में थे ऐसे युवा :** नोमान के संपर्क में रहने वाले उक्त युवा कपड़े की फेरी, जन सुविधा केंद्र संचालन और प्राइवेट नौकरी करते हैं। सभी पर शिकंजा कसने के लिए पानीपत पुलिस स्थानीय पुलिस से भी सहयोग लेगी। इसके अलावा पता चला है कि सिर्फ आठवीं पास नोमान व्हाट्सएप ही नहीं इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी प्रयोग कर रहा था। हालांकि, अन्य प्लेटफार्म पर अभी तक की जांच में कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली है।

**देहरादून समेत अन्य शहरों में भी संदिग्ध, की जाएगी पूछताछ :** सीआईए प्रथम प्रभारी संदीप चहल का कहना है कि पूछताछ में नोमान ने कैराना के अलावा देहरादून, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर के एजेंटों का भी खुलासा किया है। सभी से पूछताछ की जाएगी।

**आईएसआई एजेंट इकबाल काना का फोटो पुलिस के पास नहीं :** आईएसआई एजेंट इकबाल देश के युवाओं को अपने साथ जोड़ रहा है। सेना से लेकर देश की विभिन्न गोपनीय जानकारियां मंगवाई जा रही हैं, मगर हैरत की बात है कि शामली या फिर पानीपत पुलिस के पास इकबाल का फोटो ही नहीं है। हालांकि, पुलिस फोटो जल्द मंगवाने की बात कह रही है। बिना फोटो के किस आधार पर इकबाल को पकड़ा जा सकता है खुद ही अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि, पाकिस्तान में जाकर एजेंटों को पकड़ना संभव नहीं है। सेवानिवृत्त आईपीएस वीके शेखर ने बताया कि पाकिस्तान पुलिस और सरकार के सहयोग के बिना आईएसआई एजेंटों का पकड़ना मुश्किल है।

## संभल हिंसा : उपद्रव में शामिल 50 पर आरोप तय, अब शुरू होगा ट्रायल, पुलिस 80 लोगों को कर चुकी है गिरफ्तार



**संभल।** संभल हिंसा के 50 उपद्रवियों पर न्यायालय में आरोप तय हो गए हैं। अब ट्रायल शुरू होगा। इस मामले में आरोपियों की ओर से चार-पांच अधिवक्ताओं ने न्यायालय में डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया और डिस्चार्ज किए जाने के लिए बहस की। जिस पर अभियोजन ने अपने तर्क देकर विरोध किया।

जिस पर न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुन कर डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र खारिज कर दिए। बता दें कि 24 नवंबर 2024 की सुबह संभल की शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा हो गई थी। इस मामले में पुलिस की ओर से कई मुकदमे दर्ज किए गए।

पुलिस अब तक 80 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिनकी जमानत अर्जी के लिए न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिए जा रहे हैं। अब तक लगाई गई सभी जमानत अर्जियां खारिज हो चुकी हैं। बृहस्पतिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एससीएसटी एक्ट रागिनी सिंह के न्यायालय में विवेचक द्वारा लगाए गए आरोपपत्रों पर आरोप तय किए गए।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने बताया कि कुछ आरोपियों के पक्ष में चार-पांच अधिवक्ताओं द्वारा अपने-अपने मुल्जिमानों के पक्ष में डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। जिनमें उनके द्वारा तर्क दिया गया कि उनके अभियुक्त नामजद नहीं हैं। जो हिंसा की घटना में शामिल नहीं थे। पुलिस ने घर से उठा कर बिना तथ्यों के आधार पर जेल भेज दिया। जिसका विरोध करते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा न्यायालय को बताया कि सभी के नाम विवेचना में सामने आए हैं। जिसकी वीडियो फुटेज है। पुलिस पर पत्रावली पर साक्ष्य हैं।

सभी 50 आरोपियों के विरुद्ध पुख्ता सबूत हैं। ऐसे में इनका प्रार्थनापत्र निरस्त किया जाना आवश्यक है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को सुन कर डिस्चार्ज प्रार्थना खारिज कर दिए गए। सभी 50 आरोपियों के विरुद्ध लगाए गए आरोपों के अनुसार लगाई गई धाराओं के अनुसार आरोप तय किए हैं।

अब अभियोजन के द्वारा न्यायालय में साक्ष्यों की गवाही व जुटाए गए साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। जिसके आधार पर न्यायालय अंतिम निर्णय लेगा। अब लग रहा है कि जल्दी ही संभल हिंसा मामले पर निर्णय सुनवाई पूरी होने पर जल्दी हो सकता है।

## पीलीभीत में तीन हजार सिखों का धर्मांतरण...

### नेपाल सीमा पर चल रहा बड़ा 'खेल'



**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले में भारत-नेपाल सीमा के गांवों के करीब तीन हजार सिखों का पिछले कुछ समय में धर्मांतरण कराया जा चुका है। धर्मांतरण कराने वाले नेपाली पादरी क्षेत्र में बेहद सक्रिय हैं। यह जानकारी ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष व लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी ने दी। उन्होंने कहा कि लालच देकर जबरन लोगों का धर्मांतरण कराया गया है। ऐसे 160 परिवारों की सूची डीएम-एसपी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि फरवरी में गांव बैल्हा में हुए गुरमत समागम में 180 परिवारों ने घर वापसी कर ली।

हरपाल सिंह जग्गी ने शुक्रवार शाम को नगर के गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि नेपाल सीमा के गांवों में लगातार सिखों और हिंदुओं का धर्मांतरण कराया जा रहा है। गांव बैल्हा, टाटरगंज, बमनपुर भागीरथ में 20 हजार से अधिक आबादी है। नेपाल से आने वाले पादरी वर्ष 2020 से सिखों का जबरन धर्मांतरण करा रहे हैं। वे विभिन्न प्रकार के प्रलोभन, अंधविश्वास और रोग निवारण की बात कहकर धर्म बदलने को मजबूर कर रहे हैं। हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधायक और सेवानिवृत पुलिस अफसर राजेश्वर सिंह, सांसद बृजलाल को भी जानकारी देकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई। इसको लेकर तीन दिन पहले हजारा थाने में आठ नामजद और तीन से चार दर्जन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे धर्मांतरण को लेकर कमेटी बनाई गई है। कमेटी के अध्यक्ष गुरदयाल सिंह, उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, सचिव छिंदर सिंह, उप सचिव परमजीत सिंह, कोषाध्यक्ष जरनैल सिंह, मक्खन सिंह, सतनाम सिंह, मेवा सिंह आदि संयुक्त रूप से जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं।

## सीलमपुर में युवक की हत्या
### पार्क में मिला खून से लथपथ शव



**नई दिल्ली।** राजधानी के सीलमपुर में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। यहां सेंट्रल पार्क में युवका का शव खून से लथपथ मिला। हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान रेहान (16) के रूप में हुई है। रात में 11:30 बजे क्षेत्र में गश्त के दौरान कांस्टेबल सेंट्रल पार्क में पार्क के अंदर जांच के लिए पहुंचें। जहां एक शख्स पार्क की बेंच और रास्ते के बीच खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। इसकी सूचना तत्काल पुलिस थाना को दी गई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपस्थित डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में सीलमपुर थाने में एक मामला दर्ज किया गया है।

प्रारंभिक जांच के दौरान मृतक की पहचान रेहान उर्फ सीलमपुरिया (उम्र- 16 वर्ष 6 माह), पुत्र निसार, निवासी घोंडा चौक, मौजपुर के रूप में हुई है। क्राइम और एफएसएल की टीमों ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए है।

## दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका, 13 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

### बागी नेताओं ने बनाई अपनी अलग पार्टी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 13 पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। बागी पार्षदों ने नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। एमसीडी में बागी नेताओं ने अलग गुट बनाया है। आम आदमी पार्टी से इन निगम पार्षदों ने इस्तीफा देकर इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाने का फैसला किया है। हेमचंद गोयल के नेतृत्व में थर्ड फ्रंट बनाने का फैसला किया गया। मुकेश गोयल पार्टी के अध्यक्ष होंगे।

बागी पार्षदों ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया है कि जनता से जो वादे किए गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। 2022 में वे आम आदमी पार्टी के टिकट पर एमसीडी में पार्षद चुने गए थे। लेकिन एमसीडी की सत्ता में आने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने के शीर्ष नेतृत्व एमसीडी की सुचारू ढंग से नहीं चला पाया।

**आम आदमी पार्टी के इन पार्षदों ने दिया इस्तीफा :** जिन पार्षदों ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया है उनमें हेमनचंद गोयल, दिनेश भारद्वाज, हिमानी जैन, उषा शर्मा, साहिब कुमार, राखी कुमार, अशोक पांडेय, राजेश कुमार, अनिल राणा, देवेंद्र कुमार, हिमानी जैन का नाम शामिल है।

**आप पार्षद ने बताई इस्तीफा देने की वजह :** आप से इस्तीफा देने पर हिमानी जैन ने कहा, हमने नई पार्टी बनाई है, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी। हमने आप से इस्तीफा दे दिया है। पिछले 2.5 साल में निगम में कोई काम नहीं हुआ जो होना चाहिए था। हम सत्ता में थे, फिर भी हमने कुछ नहीं किया। हमने नई पार्टी बनाई है क्योंकि हमारी विचारधारा दिल्ली के विकास के लिए काम करना है।

## दिल्ली-एनसीआर में गर्मी से बड़ी राहत

### कई इलाकों में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज फिर बदल गया है। दिल्ली समेत एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हो रही है। शनिवार को दिल्ली में जहां सुबह से दोपहर तक तीखी धूप ने लोगों को परेशान किया, वहीं दोपहर बाद बारिश हुई। लेकिन उसने और भी उमस बढ़ा दी। लेकिन साथ ही कुछ लोग इस बदले हुए मौसम का आनंद लेते भी दिखे। वहीं दूसरी तरफ नोएडा में हुई बारिश की वजह से सड़क पर जाम लग गया।

नोएडा गोल्फ कोर्स रोड पर बारिश और आंधी के दौरान मुख्य सड़क पर पेड़ गिर गया। इससे पहले शुक्रवार शाम अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। शाम करीब पांच बजे दिल्ली, नोएडा में तेज आंधी चलने लगी और उसके बाद हल्की बारिश हुई।

**नोएडा में अचानक बदला मौसम :** शनिवार को दोपहर के समय नोएडा और आसपास के इलाकों में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी से परेशान लोग जैसे ही राहत की उम्मीद छोड़ने लगे, दोपहर बाद मौसम ने करवट ले ली। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम के इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और माहौल खुशनुमा हो गया।

तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी। सड़कों पर चल रहे लोग और बाजारों में खरीदारी कर रहे नागरिक अचानक हुई बारिश से बचने के लिए बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन और दुकानों के शेड के नीचे खड़े हो गए। हालांकि, कई लोग बारिश का आनंद लेते हुए सड़कों पर नजर आए। बच्चे भी पानी में खेलते देखे गए। शनिवार की सुबह से ही तेज धूप और दोपहर बाद आए मौसम के बदलाव ने न सिर्फ लोगों को राहत दी, बल्कि गर्मी से झुलस रहे पेड़-पौधों और वातावरण को भी तरोताजा कर दिया।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# प्रशासन की अतिक्रमण वाली दखल से अनाज मंडी के व्यापारी हैं नाराज
# कौन देगा हर्जाना अगर टीन शेड हटाने पर भीग गया अनाज



## आज सांसद अतुल गर्ग से करेंगे व्यापारी मुलाकात




करंट क्राइम। व्यापारियों का अनाज उनकी दुकानों के बाहर रखा है। उनकी चिंता अपने अनाज को मौसम की मार से बचाने की है और यहां उन्हें नोटिस की मार झेलनी पड़ रही है। अतिक्रमण के नोटिस मिले हैं और कभी भी तोड़फोड़ हो सकती है। गोविन्दपुरम अनाज मंडी के व्यापारी इस मामले में आज लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से मिलेंगे और अपनी बात रखेंगे।

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गोविन्दपुरम अनाज मंडी के व्यापारी इन दिनों प्रशासन की दखल को लेकर नाराज हैं। जिसमें वो अतिक्रमण के नाम पर कार्यवाही कर रहे हैं। प्रशासन अपने तर्क दे रहा है और व्यापारी अपने तर्क दे रहे हैं। मंडी प्रशासन और जिला प्रशासन में गोविन्दपुरम अनाज मंडी में व्यापारियों और आडतियों द्वारा लगाये गये अस्थायी टीन शेड को अतिक्रमण की श्रेणी में रखा। जब टीम यहां कार्यवाही करने पहुंची तो व्यापारियों ने इसका विरोध किया। प्रशासन इसे अतिक्रमण मान रहा है और व्यापारियों का कहना है कि अतिक्रमण की बात करने वाले तब क्यों नहीं बोलते जब चुनाव के समय पूरी मंडी एक महीने के लिए सीज हो जाती है और अतिक्रमण करने वालों की दुकानों का अधिग्रहण हो जाता है। उसका कोई मुआवजा भी नहीं मिलता है। अनाज मंडी के व्यापारियों ने एक बैठक की और इसके बाद ये तय हुआ कि अब इस मामले में सांसद अतुल गर्ग से मिला जायेगा। अनाज मंडी के व्यापारियों का ये कहना है कि अगर टीन शेड हटाने पर उनका अनाज भीग गया तो इस नुकसान की भरपाई कौन करेगा। व्यापारी बता रहे हैं कि मार्च-अप्रैल के महीने में यहां गेहूं आ जाता है और मई-जून के महीने में इसकी बिक्री होती रहती है।

यहां अनाज रखने की गोदाम की व्यवस्था नहीं है और मई-जून के महीने में अक्सर कई बार बारिश आ जाती है, आंधी आ जाती है। इसलिए अस्थायी रूप से यह टीन शेड लगाये गये हैं। लेकिन प्रशासन ने इसे अतिक्रमण मान लिया है। वहीं प्रशासन की टीमें व्यापारियों के एकजुट होने पर वापस लौट गई। लेकिन अब व्यापारियों को नोटिस मिले हैं और उन्हें कहा गया है कि आपका यह अतिक्रमण अपराध की श्रेणी में आता है। व्यापारी पूछ रहे हैं कि अपने गेहूं को बारिश से बचाने के लिए जो इंतजाम किया है उसमें व्यापारियों के ऊपर कौन सी धारा लगेगी, यह और पता चल जाये। व्यापारियों ने एक बैठक भी की।

## सरकार के खजाने में 5 करोड़ का सालाना राजस्व देती है गोविन्दपुरम अनाज मंडी



करंट क्राइम। गोविन्दपुरम अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि जब व्यापारियों के सामने अनाज को मौसम से बचाने की चुनौती है। तब ऐसे में ये अभियान उससे भी बड़ी चुनौती बनकर सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की समस्या सब्जी मंडी में होती है। अधिकारी इस बात को नहीं समझ रहे कि पानी लगने से सब्जी चमकेगी लेकिन गेहूं खराब हो जायेगा। यहां गोदाम नहीं है इसलिए टीनशेड लगाये गये हैं। उन्होंने कहा कि पूरी मंडी में दो गार्ड हैं और 200 दुकानें हैं। सुरक्षा का इंतजाम नहीं है। सबसे खास बात ये है कि गोविन्दपुरम अनाज मंडी प्रदेश सरकार के खजाने में प्रतिवर्ष 5 करोड़ रूपये का राजस्व देती है और व्यापारियों को उसके बदले उत्पीड़न झेलना पड़ता है।

# मेयर सुनीता दयाल के दो वर्ष के कार्यकाल को पूर्व मेयरों ने बताया महान

## निगम की भूमि कराई कब्जामुक्त और स्वच्छता पर होना चाहिए और अधिक काम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल ने अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे कर लिये हैं। इन दो वर्ष में नगर निगम की मेयर के रूप में सुनीता दयाल ने कई काम किये हैं। दैनिक करंट क्राइम ने पार्षदों को लेकर जनता से पूछा था और मेयर को लेकर जब करंट क्राइम ने उनसे पहले मेयर रहे अशु वर्मा और आशा शर्मा से उनके कार्यकाल को लेकर बात की तो दोनों पूर्व मेयर ने सुनीता दयाल की प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि उन्होंने बेहतर काम किया है। हमारी शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

### महिला होते हुए दिखाया जज्बा और मुक्त कराया अवैध कब्जा : अशु वर्मा



करंट क्राइम। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने मेयर सुनीता दयाल के कार्यकाल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा काम जो हुआ है वो ये है कि उन्होंने आगे बढ़कर नगर निगम की करोड़ो रूपये की सम्पत्ति को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। एक महिला होते हुए भी उन्होंने खुद खड़े होकर नगर निगम की भूमि अवैध कब्जे से मुक्त कराई। वो खुद मैदान में उतरी और सबने देखा कि किस तरह से नगर निगम की करोडो रूपये की सम्पत्ति अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि जीवन में हमेशा अच्छा कार्य करने की गुंजाईश हमेशा रहती है। वो बेहतर कार्य कर रही हैं और मेरी शुभकामनाएं उनके बाकी के कार्यकाल के लिए भी हैं। मैं सभी पार्षदों को भी उनके कार्यकाल की शुभकामनांए देता हूं और कामना करता हूं कि उनका बाकी कार्यकाल भी विकास कराने में लगेगा।

### वो साबित हुई हैं एक अच्छी मेयर, उन्हें स्वच्छता की करनी होगी केयर : आशा शर्मा

करंट क्राइम। पूर्व मेयर आशा शर्मा ने मेयर सुनीता दयाल के कार्यकाल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वह एक अच्छी मेयर साबित हुई हैं उन्होंने जहां निगम की भूमि को कब्जो से मुक्त कराया, वहीं कई योजनाएं भी वो लेकर आईं हैं। शहर में विकास हो रहा है। लेकिन यहां पूर्व मेयर आशा शर्मा ने कहा कि निगम के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझे और स्वच्छता में भागीदारी को बढ़ायें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में गाजियाबाद में पहले नंबर पर था। वो 27वीं पायदान से सीधे प्रथम स्थान पर आया था। ये तब हुआ था जब पूरा नगर निगम एक साथ स्वच्छता अभियान में जुटा था। आज हम कहां हैं यह सोंचे। स्वच्छता के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल की थी, आज क्या हो रहा है। पूर्व मेयर आशा शर्मा ने कहा कि मैं मेयर रही हूं और जानती हूं कि किसी भी अभियान को लेकर मेयर पद पर आसीन किसी भी व्यक्ति की अपनी सीमाएं हैं। यहां निगम अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वो मेयर के साथ सहयोग वाले मोड में रहे। उन्होंने कहा कि मेयर सुनीता दयाल का दो साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। वो स्वयं मौकों पर पहुंचती हैं, भागदौड करती है, निरीक्षण करती है। मैं उनके सफल दो साल के कार्यकाल की शुभकामनाएं देती हूं और उम्मीद करती हूं कि भविष्य में उनके नेतृत्व में नगर निगम अच्छा काम करेगा।



# महिला को बचाने नहर में कूदा सिपाही...मौत
## महिला बोली- सास ने चोरी का इल्जाम लगाया, भाई ने कहा - तू मर जा





अंकित तोमर
फाईल फोटो

### कूदने वाली महिला बोली- सास और भाई दोनों ने मुझे नकार दिया



नहर में कूदने वाली महिला आरती ने पुलिस को बताया- मैंने लव मैरिज की है। ससुराल में मेरी सास ने मुझ पर जेवर चोरी का आरोप लगाया था। मैंने अपने भाई को कॉल कर पूरी बात बताई। इस पर मेरा भाई मुझसे और मेरे पति से गाली-गलौज करने लगा। इस पर मेरे पति ने भाई से कहा- गाली देकर बात मत करो। फिर भी मेरा भाई नहीं माना और गालियां देता रहा। इसके बाद मैंने अपने भाई से बात की तो उसने मुझसे कहा- हमारी तरफ से तू मर गई है। हमारा या हमारे परिवार का तुझसे कोई लेना-देना नहीं। इसके बाद मैं आत्महत्या करने के इरादे से नहर में कूद गई थी। मुझे कूदते हुए एक आंटी ने देख लिया था। उनके चिल्लाने पर पुलिस वाले भइया आ गए। लेकिन तब तक मैं कूद चुकी थी। फिर वो दोनों लोग भी मुझे बचाने के लिए नहर में कूद गए थे।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के कौशांबी में शनिवार को एक महिला नहर में कूद गई। महिला को बचाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के दरोगा और सिपाही भी कूद गए। इसके बाद दोनों गहरे पानी में चले गए। तीन लोगों को डूबते देख गोताखोर भी नहर में कूद गए। गोताखोरों ने महिला और दरोगा को बचा लिया, लेकिन सिपाही को नहीं ढूंढ पाए।

सूचना पर कौशांबी इंस्पेक्टर अजय शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पीएसी के गोताखोरों से सिपाही की तलाश कराई गई। करीब 2 घंटे बाद सिपाही को नहर से निकाला गया। पीएसी और पुलिस फोर्स सिपाही को तुरंत हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने सिपाही को मृत घोषित कर दिया। उधर, नहर से निकाली गई महिला से लोगों ने कूदने की वजह पूछी तो कहने लगी- सास ने गहने चुराने का आरोप लगाया था। जब मैंने अपने भाई से बात की, तो उसने कहा-




तू हम सबके लिए मर गई है। इसलिए मैं जान देने के लिए नहर में कूद गई। इससे पहले शुक्रवार को बिजनौर में बदमाश को बचाने के लिए सिपाही नहर में कूद गया था। करंट लगने से उसकी मौत हो गई थी। हुआ यूं कि शुक्रवार रात पुलिस टीम ने बदमाशों की कार को घेर लिया। पुलिस को देखते ही बदमाश फायरिंग करते हुए भागने लगे। इसी दौरान कार बिजली के पोल से टकराकर नहर में गिर गई। बदमाशों का पीछा कर रहे पुलिसकर्मी भी नहर में कूद गए। बिजली का पोल नहर में गिरा था, इसलिए उसमें करंट आ रहा था। करंट से एक बदमाश और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। साथी पुलिसकर्मियों ने तीनों को नहर से निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई।

### सिपाही को ऑटो से अस्पताल लेकर पहुंचे

सिपाही अंकित तोमर के नहर में डूबने के बाद पुलिस के कई बड़े अफसर भी मौके पर पहुंचे। दमकल और पीएसी के गोताखोरों को बुलाया गया। कौशांबी में नहर में पानी की गहराई करीब 10 से 12 फीट है। सिपाही के गहरे पानी में चले जाने की वजह से करीब 2 घंटे बाद उसे नहर से बाहर निकाला जा सका।

फिर तुरंत पीएसी के गोताखोर और आसपास के लोग बेहोशी की हालत में सिपाही अंकित को ऑटो से ही अस्पताल लेकर पहुंचे। मृतक सिपाही अंकित तोमर अलीगढ़ के रहने वाले थे। उनका साल-2015 में सिपाही पद पर सिलेक्शन हुआ था।

# सपा जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने कहा - 2027 में आएगी समाजवादी पार्टी की सरकार
## पीडीए हो रहा है लगातार मजबूत, जातिगत जनगणना का फैसला भी अखिलेश-राहुल की जीत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन का कहना है कि समाजवादी पार्टी लगातार जिले और महानगर दोनों में मेहनत और प्रमुखता से काम कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से बीते दिनों कश्मीर के पहलगाम में हमला आतंकवादियों द्वारा किया गया था, वह एक निंदनीय घटना है। भारत के 26 परिवारों ने अपना सब कुछ खोया है। सरकार और केंद्र के किसी भी फैसले में समाजवादी पार्टी सरकार के साथ है। फैजल हुसैन ने बातचीत में कहा है कि सरकार को लेकिन यहां आने वाले सैलानियों की सुरक्षा और इंटेलीजेंस फैलियर को लेकर भी कड़े फैसले लेने होंगे। इसके साथ ही राणा सांगा पर टिप्पणी करने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पर पूछे गए सवाल के बारे में उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और करणी सेना बेवजह सपा सांसद को घेर रही है और उन पर हमला और सोशल मीडिया पर एजेंडा बनाया जा रहा है। वहीं सपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि 2027 को लेकर संगठन पूरी तरीके से तैयार है और मजबूती से तैयारी कर रहा है। सपा नेता फैजल ने कहा है कि जिस तरीके से बीते दिनों केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला लिया है, जो कहीं ना कहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी की वजह से हुआ है और यह एजेंडा भी उन्हीं के द्वारा बनाया गया था। वहीं उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी में गुटबाजी नहीं है, सपा की पीडीए पंचायत लगातार मजबूती से की जा रही हैं। प्रस्तुत है **दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी** से प्रमुख बातचीत में **फैजल हुसैन** द्वारा क्या कहा गया उनकी जुबानी

**❑ सोशल मीडिया इन दिनों राजनीति पर किस तरीके से असर डाल रही है?**

देखिए इन दिनों सोशल मीडिया का जमाना है। सोशल मीडिया पर कई विषय इतने बड़े हो जाते हैं कि अलग माहौल बन जाता है। इस पर किस प्रकार से मॉनिटरिंग हो और स्वतंत्रता को लेकर भी एक मापदंड से होना चाहिए। बीते कुछ सालों में राजनीति में सोशल मीडिया बहुत ज्यादा ट्रेंड कर रही है।

**❑ वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर आपका क्या कहना है, यह कैसा फैसला है?**

वन नेशन- वन इलेक्शन पर सरकार को अभी पूरा स्टैंड क्लियर करना चाहिए, क्या प्रधानी से लेकर लोकसभा और विधानसभा से लेकर नगर निगम के सभी चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। जब तक यह साफ नहीं होता है, तो इस पूरी व्यवस्था को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहेगी। सरकार को चाहिए कि इसको लेकर पूरा स्थिति क्लियर की जाए ताकि इस पर किसी प्रकार की राय एवं इसके फायदे नुकसान को लेकर मंत्रणा और चर्चा की जा सके।



## दैनिक करंट क्राइम के आमना-सामना में सपा जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने कही कई बड़ी बातें

**❑ वक्फ बोर्ड पर जो फैसला आया है, बदलाव किए गए हैं, उस पर क्या कहना है?**

वक्फ बोर्ड पर कुछ बदलाव हुए हैं, वह ठीक नहीं हैं। मुसलमानों पर भारतीय जनता पार्टी हितैषी होने का काम कर रही है, अगर मुसलमानों को फायदा पहुंचाना है तो उसके लिए कई अलग प्रयास और कार्य किया जा सकते हैं। फैजल ने कहा कि जिस तरीके से अल्पसंख्यकों को भारतीय जनता पार्टी टिकट देने और अपने पदाधिकारी बनाने में कमी लाती है, उसको बढ़ावा देना चाहिए। मुस्लिम चेहरों की नुमाएंदगी केंद्र और राज्य सरकारों में प्रमुखता के साथ की जानी चाहिए। तभी मुस्लिमों को उसका लाभ मिलेगा और मुस्लिम राजनीति मजबूत होगी।

**❑ जातिगत जनगणना पर केंद्र सरकार का फैसला कितना सफल रहने वाला है?**

देखिए जातिगत जनगणना का फैसला केंद्र सरकार द्वारा लिया गया है, पर यह बात हमेशा याद रखी जानी चाहिए कि इंडिया एलाइंस द्वारा ही शुरू से जातिगत जनगणना के विषय को उठाया गया है। खुद सपा के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी लगातार इसको लेकर आवाज उठाते रहे हैं। इंडिया एलायंस के एजेंडे में भी जातिगत जनगणना प्रमुखता से रहा है। बिहार के नेताओं से लेकर देश के अन्य कई प्रमुख नेताओं द्वारा जातिगत जनगणना कराए जाने के विषय को रखा गया था, अगर केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना का फैसला लिया गया है, तो यह कहीं ना कहीं पीडीए की जीत है। दरअसल लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जिस तरीके से पीडीए के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया, उससे कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार परेशानी महसूस कर रही थी और फिर यह फैसला हुआ है।8

**❑ सपा सांसद रामजीलाल सुमन के मामले को लेकर लगातार दलित राजनीति करने का आरोप लग रहा है?**

देखिए रामजीलाल सुमन का स्टैंड बिल्कुल साफ है जबकि भारतीय जनता पार्टी दलित वोट बैंक को खींचना चाहती है। लोकसभा चुनाव में साफ हो गया है कि दलित पीडीए के साथ है। राणा सांगा को लेकर रामजी लाल सुमन द्वारा जो कहा गया, उसपर बेवजह राजनीति की जा रही है। साथ ही भाजपा और करणी सेना का रोल ठीक नहीं है। रामजीलाल ने जो कहा वह इतिहास में दर्ज है, एक जाति पर हमला किया जा रहा है, वह ठीक नहीं है। साथ ही सरकार और पुलिस-प्रशासन द्वारा भी उनकी सुरक्षा और उनपर हमले होने के बावजूद कोई कठोर एक्शन नहीं लिया गया है।

**❑ संगठन को क्या उम्मीद है और क्या सपा में किसी तरीके की खींचतान तो नहीं है, लगातार प्रमुख नेता दूर रहते हैं?**

देखिए समाजवादी पार्टी लगातार संगठन और कार्यकर्ताओं को मजबूती देने का काम कर रही है। जहां तक कार्यालय की बात है, तो कार्यालय में निर्माण कार्य चल रहा है। समय-समय पर लोग आते रहते हैं। वहीं पीडीए की ओर से लगातार पंचायतें की जा चुकी हैं। बड़ी संख्या में 90 और 84 गांव में अब तक महा पंचायत हुई हैं। तो वहीं 2027 तक जब तक विधानसभा का चुनाव नहीं हो जाएगा समाजवादी पार्टी अपने पीडीए प्लान के तहत काम करती रहेगी और संगठन से दलित, पिछड़ों और मुसलमानों को जोड़ने का काम होता रहेगा।

**❑ समाजवादी पार्टी के कई पूर्व अध्यक्ष लगातार कार्यक्रमों और कार्यालय से दूर रहते हैं?**

देखिए समय-समय पर लोग आते रहते हैं। चाहे वह रामकिशोर अग्रवाल हों, धर्मवीर डबास हों, राशिद मलिक, राहुल चौधरी, जेपी कश्यप और प्रहलाद शर्मा हों सब आते ही हैं। कई बार स्वास्थ्य कारणों और व्यस्तता या अन्य निजी करणों की वजह से शायद उपलब्धता न हो पाए वरना लगातार यह सभी नेता सक्रिय हैं।

### गाजियाबाद की पांच विधानसभाओं में से चार पर समाजवादी पार्टी की विजय होगी : फैजल हुसैन

**❑ 2027 को आप किस तरीके से देखते हैं और गाजियाबाद की क्या स्थिति रहेगी?**

2027 में पीडीए की विजय होगी, पीडीए बहुत मजबूती से आगे बढ़ रहा है। जहां तक गाजियाबाद की बात है, तो गाजियाबाद की पांच विधानसभाओं में चार पर समाजवादी पार्टी की विजय होगी और अगर तब तक हालात और पक्ष में आए तो पांचों सीट पर समाजवादी पार्टी का पूरी तरह से कब्जा होगा।

## संपादकीय

# भारत की दो टूक

सिंधु जल संधि पर भारत का सख्त रवैया पाकिस्तान के लिए साफ संदेश है कि अब सीमा पार आतंकवाद पर गोलमोल बातें नहीं चलेंगी। इस्लामाबाद को अगर पानी चाहिए तो उसे आतंकियों को समर्थन देने की अपनी नीति छोड़नी होगी। पानी और आतंकवाद साथ–साथ नहीं चल सकते।

**भ्रम टूटा:** भारत ने पहली बार सिंधु जल समझौता स्थगित किया है। यहां तक कि 1965, 1971 और करगिल युद्ध के दौरान भी समझौता जारी रहा। इसी वजह से पाकिस्तान को भ्रम हो गया था कि उसकी तरफ से उकसावे की चाहे जितनी भी कार्रवाई हों, पानी तो मिलता ही रहेगा। लेकिन, पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने नई दिल्ली के सब्र का बांध तोड़ दिया। बॉर्डर पर समझौते के बाद पाकिस्तान चाहता है कि सिंधु जल संधि भी बहाल हो जाए, लेकिन विदेश मंत्री जयशंकर ने बिल्कुल सही कहा है कि पहले सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना होगा।

**पाकिस्तान की मांग एकतरफा है। वह चाहता है कि सिंधु में पानी बहता रहे, लेकिन न तो जल के उचित बंटवारे पर बात हो और न आतंकवाद पर उसे कोई एक्शन लेना पड़े। उसने शिमला एग्रीमेंट समेत दूसरे द्विपक्षीय समझौतों को न मानने की भी धमकी दी है।**

**रिव्यू की जरूरत:** वैसे भी बात इस संधि को निलंबित रखने या बहाल करने भर की नहीं है, वक्त है इसे पूरी तरह रिव्यू करने का। दोनों देशों के बीच 1960 में यह समझौता हुआ था। भारत ने मानवता दिखाते हुए पाकिस्तान के पक्ष में ज्यादा पानी की बात मान ली थी। इस संधि की वजह से सिंधु का 70% पानी पाकिस्तान को मिलता है और उसकी 80% खेती व करीब एक तिहाई हाइड्रो पावर प्रॉजेक्ट इसी पर निर्भर हैं।

**हालात बदल चुके:** 1960 से लेकर अब तक हालात काफी बदल चुके हैं। जब समझौता हुआ, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि नई सदी में दुनिया के सामने क्लाइमेट चेंज की चुनौती होगी। इसके अलावा, भारत की इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है। उसकी पानी और एनर्जी की अपनी जरूरतें हैं। पुराने समझौतों के आधार पर सिंधु जल संधि जारी रखना न तो संभव होगा और न सही।

**हकीकत से भाग रहा पाक:** ट्रीटी में कोई भी बदलाव आपसी रजामंदी से ही किया जा सकता है। इसी वजह से भारत ने पहले भी प्रस्ताव रखा था कि संधि पर नए सिरे से बात की जाए, पर पाकिस्तान ने इसे स्वीकार नहीं किया। उल्टे वह जम्मू–कश्मीर की किशनगंगा और रतले जल विद्युत परियोजनाओं पर एतराज करता आया है। वह इस मामले को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन में ले जा चुका है।

अड़ियल रवैया: पाकिस्तान की मांग एकतरफा है। वह चाहता है कि सिंधु में पानी बहता रहे, लेकिन न तो जल के उचित बंटवारे पर बात हो और न आतंकवाद पर उसे कोई एक्शन लेना पड़े। उसने शिमला एग्रीमेंट समेत दूसरे द्विपक्षीय समझौतों को न मानने की भी धमकी दी है। उसके इस अड़ियल रवैये से तनाव बढ़ेगा ही और नुकसान भी उसे ही ज्यादा होगा।

# भारत-पाक संघर्ष पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की स्तरहीन कवरेज : सिकंदर यादव, वरिष्ठ समाजसेवी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिछले दिनों हुए भारत पाक संघर्ष कई मायनों में विशेष रहा, जिस प्रकार का शौर्य भारतीय सेना ने दिखाया वो अभूतपूर्व था। सारी दुनिया भारत की तकनीक व सटीक हमले देखकर दंग रह गयी, जिस प्रकार भारत ने पाकिस्तान के सभी एयरफोर्स स्टेशनों को निशाना बनाया और साथ ही साथ भारत की अचूक रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के अधिकतर हमले नाकाम कर दिये, जहां भारत ने पाकिस्तान के हर महत्वपूर्ण स्थल पर हमले किये वहीं पाकिस्तान के ड्रोन बॉर्डर से आगे नहीं बढ़ सके, हालांकि अचानक हुए सीज फायर के कारण अभी ज्ञात नहीं है, जबकि ये स्पष्ट है कि भारत का पल्ला पूरी तरह से भारी था, इस संघर्ष को रिपोर्ट कर रहा भारतीय मीडिया खासकर टीवी चैनलों की रिपोर्टिंग का स्तर बहुत निम्न रहा, पाकिस्तान ही नहीं पूरी दुनिया हमारे चैनलों की रिपोर्टिंग का आज तक मजाक बना रही है।

उदाहरण के तौर पर भारतीय चैनल दिखा रहे थे कि भारतीय सेना लाहौर तक पहुंच गयी है और कह रहा था कि पी.ओ.के में कब्जा कर लिया, एक चैनल बता रहा था कि कराची नष्ट हो चुका है। एक चैनल ने तो यहां तक कह दिया कि पाकिस्तान सेवा प्रमुख मुनीर को बंदी बना लिया, कोई कह रहा था कि पाकिस्तान में तख्ता पलट हो गया, इन रिपोर्ट्स को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि भारतीय चैनल सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक व झूठी खबरों के आधार पर रिपोर्ट कर रहा था, ये भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए शर्मनाक है, जहां एक ओर भारतीय सेना विश्व की बेहतरीन तकनीक का इस्तेमाल कर, दुनिया को अचंभित कर रही थी वहीं भारतीय मीडिया इस तरह की गैर प्रमाणिक न्यूज चलकर भारत की साख गिर रहे थे, पहलगाम हमले के बाद से ही अधिकांश भारतीय चैनल इसे धार्मिक एजेंडा की तरह चल रहे थे, भारतीय चैनल यदि इस प्रकार की रिपोर्टिंग करते रहे तो बहुत जल्द ही लोगों का थोड़ा बहुत विश्वास जो अभी बचा है वह भी समाप्त हो जाएगा।

जिस प्रकार संघर्ष विराम हुआ उसे लेकर भारत व अन्य दुनिया के विशेषज्ञ भी आश्चर्य में है, क्योंकि जब ट्रंप द्वारा इसकी घोषणा की गई तब तक भारत की फौज हर तरह से पाकिस्तान पर हावी थी, इसको लेकर सवाल उठाते रहेंगे साथ ही इस संघर्ष से भारतीय विदेश नीति पर भी सवाल उठ रहे हैं कि चीन व तुर्की ने जिस प्रकार पाकिस्तान का साथ दिया, भारत के साथ एक भी देश इस प्रकार खड़ा नहीं हुआ जो कि भारत की साख को धक्का लगने वाली बात है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी वर्षों से ये जाता रहे हैं कि भारत के संबंध विदेश में पहले से मजबूत हुए परंतु इस बार ऐसा कहीं नहीं दिखा और तो और जिस ट्रंप को मोदी अपना मित्र बताते हैं उसने भारत को पाकिस्तान के समतुल्य रखा और दोनों देशों को महान बताया।



# एलपीजी पर तेल कंपनियों का घाटा
## लगभग 45% तक कम होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** अगर कच्चे तेल की कीमतें 65 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर रहती हैं, तो तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को एलपीजी से होने वाले घाटे में वित्त वर्ष 26 में लगभग 45 प्रतिशत की कमी आ सकती है। केयरएज रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है।



रिपोर्ट के अनुसार अगले वित्त वर्ष में संचयी एलपीजी अंडर-रिकवरी में काफी कमी आने की संभावना है, जिसका मुख्य कारण उच्च खुदरा कीमतों और कम अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों का मिश्रण है। रिपोर्ट में कहा गया है, अगर कच्चे तेल की कीमतें 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहती हैं, तो संचयी रूप से, वित्त वर्ष 26 में एलपीजी अंडर-रिकवरी में 45% की कमी आने की उम्मीद है। अंडर-रिकवरी तेल कंपनियों को होने वाले घाटे के बारे में बताती है। ये कंपनियां एलपीजी सिलेंडर को उनकी लागत मूल्य से कम पर बेचती हैं, ऐसा घरों में खाना पकाने की गैस को किफायती रखने के लिए किया जाता है।

भारत में, लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी खपत घरेलू खाना पकाने के लिए उपयोग की जाती है, जबकि शेष 10 प्रतिशत का उपयोग औद्योगिक, वाणिज्यिक और मोटर वाहन क्षेत्रों में किया जाता है। पिछले दस वर्षों में, घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या दोगुनी हो गई है।

## टैरिफ पर ट्रंप ने फिर चौंकाया, बोले-
# भारत 100% टैरिफ कटौती को तैयार, डील की जल्दबाजी नहीं



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क में 100 प्रतिशत कटौती करने को तैयार है। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा है कि नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने वाला है। हालांकि, फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने कहा कि वे प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर जल्दबाजी में नहीं हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति की बार-बार यह दावा किए जाने की पृष्ठभूमि में कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश कर रहा है, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कोई भी व्यापार समझौता पारस्परिक रूप से लाभकारी होना चाहिए। इस बीच ट्रम्प ने एक बार फिर भारत को दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक बताया।

ट्रंप ने कहा, वे व्यापार करना लगभग असंभव बना देते हैं। क्या आप जानते हैं कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए अपने टैरिफ में 100 प्रतिशत कटौती करने को तैयार हैं? जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत के साथ समझौता जल्द ही होने वाला है, तो ट्रंप ने कहा, यह जल्द ही होगा। मुझे कोई जल्दबाजी नहीं है। देखिए, हर कोई हमारे साथ समझौता करना चाहता है।

**ट्रंप ने कहा- मैं हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहा :** इसके बाद उन्होंने आगे कहा, दक्षिण कोरिया एक समझौता करना चाहता है, लेकिन मैं हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहा हूँ। मैं बस सीमा तय करने जा रहा हूं। मैं कुछ और समझौते करूंगा। क्योंकि मैं सभी के साथ समझौता नहीं नहीं कर सकता, आप इतने सारे लोगों से नहीं मिल सकते। मेरे पास 150 देश हैं जो समझौता करना चाहते हैं। भारत और अमेरिका व्यापार समझौते को पुख्ता करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। गुरुवार को जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। उन्होंने कहा, ये जटिल वाताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी फाइनल नहीं होगा।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

बाबा : बहन रोटी दे दो, बाबा भूखा है।
घर के अंदर से आवाज आई : तेरी बहन बैंक गई है, आज तेरा जीजा भी भूखा है।

---

लड़की- सुन जानु, गूगल मेल होता है कि फिमेल...
लड़का- बेबी फिमेल होता है...
लड़की- क्यों..
लड़का- क्योंकि अपना सेंटेन्स पूरा होने से पहले ही वो उसका सजेशन देना शुरू कर देता है...

---

लड़का (अपने दोस्त से)- यार, तेरी इतनी सारी गर्लफ्रेंड कैसे?
दोस्त ने फिलॉसफी बघारते हुए कहा- यार, मैंने एक लड़की से प्यार किया और उसने मेरा दिल तोड़ दिया।
अब दिल का हर टूटा टुकड़ा अलग–अलग लड़की से प्यार करता है।

# सरकार से मदद नहीं मिली तो बंद हो जाएगी वोडाफोन आइडिया



**नई दिल्ली।** कर्ज संकट से जूझ रही वोडाफोन आइडिया ने दूरसंचार विभाग से कहा, समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाये पर सरकार से समय पर समर्थन नहीं मिला तो वह वित्त वर्ष 2025-26 के बाद परिचालन नहीं कर पाएगी।

वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) ने 17 अप्रैल, 2025 को दूरसंचार विभाग (डॉट) को भेजे एक पत्र में खुद को नई जीवन रेखा देने का अनुरोध करते हुए कहा, कोई समर्थन नहीं मिलने पर उसकी वापसी असंभव हो जाएगी। वीआईएल के सीईओ अक्षय मूंदड़ा ने दूरसंचार सचिव को लिखे पत्र में कहा, एजीआर पर सरकार का समय पर समर्थन मिले बगैर कंपनी 2025-26 से आगे परिचालन नहीं कर पाएगी, क्योंकि बैंक से कर्ज नहीं मिलने पर वह निवेश योजना पर आगे नहीं बढ़ पाएगी। ऐसा होने पर परिचालन प्रदर्शन में सुधार थम जाएगा। कंपनी में सबसे अधिक 49 फीसदी हिस्सेदारी सरकार के पास है। स्पेक्ट्रम शुल्क और एजीआर बकाया को इक्विटी हिस्सेदारी में बदलने से सरकार कंपनी में सबसे बड़ी शेयरधारक बन चुकी है।

**दिवालिया होने का भी खतरा; 20 करोड़ उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है असर :** वोडा आइडिया ने कहा, अगर सरकारी सहायता नहीं मिलती है और कंपनी एजीआर बकाया नहीं चुका पाती है, तो फिर कंपनी को एनसीएलटी में जाना होगा और यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। ऐसी स्थिति में नेटवर्क के साथ स्पेक्ट्रम परिसंपत्तियों का मूल्य भी कम हो जाएगा और दूरसंचार सेवा थोड़े समय के लिए बाधित हो सकती है। ऐसा होने पर उसके 20 करोड़ उपयोगकर्ता प्रभावित होंगे।

**30000 करोड़ के बकाया माफी पर सुनवाई 19 को :** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को वीआईएल की एक नई याचिका की सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें करीब 30,000 करोड़ के एजीआर बकाये को माफ करने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और न्यायमूर्ति जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से कंपनी के वकील मुकुल रोहतगी ने तत्काल सुनवाई का आग्रह किया था।

याचिका पर 19 मई को सुनवाई कर सकती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब हम छीकते हैं, तो वह 100 मील प्रति घंटा के रफ़्तार की यात्रा करती है।
- देहिका ( फ़्ली ) अपने कद से 130 गुना ऊंचा कूद सकते हैं।
- एक बिजली बाम मछली ( इलेक्ट्रिक ईल ) 650 वोल्ट तक कि बिजली पैदा कर सकता है। इसे छुईए और अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका पाइए!
- फोटोन को सूर्य के मध्य से सूर्य की सतह तक आने में 40,000 वर्ष लग जाते हैं। परंतु सूर्य की सतह से पृथ्वी तक आने में केवल 8 मिनट।
- पृथ्वी की आयु 4 से 5 बिलियन वर्ष है। सूर्य और चंद्रमा की भी करीब इतनी ही है।
- हमारी धरती लौह ( आयरन), कार्बन, सिलिकॉन और थोड़े मैग्नीशियम से बनी है, केवल मनुष्यों से नहीं!
- पृथ्वी सौर मंडल में एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिसके वायुमंडल में 21 प्रतिशत ऑक्सीजन है और सतह पर जल।
- पृथ्वी की सतह विवर्तनिक (टेक्टोनिक) प्लेटों से बनी है जो पृथ्वी के कोर और सतह के बीच के चट्टानी मेंटल पर तैरते हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 'भारत खुश और गौरवान्वित है' 90 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले नीरज की प्रधानमंत्री मोदी ने की तारीफ

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने करियर में पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा छुआ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में ऐसा किया, लेकिन दूसरे स्थान पर रहे। नीरज की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून को जाता है।



### पीएम मोदी ने नीरज की तारीफ की

सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, 'भारत खुश और गौरवान्वित है।' पीएम ने लिखा, 'शानदार उपलब्धि! दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। यह उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून का नतीजा है।' नीरज ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर भाला फेंका और आखिरकार 90 मीटर की सीमा को पार कर लिया। हालांकि, उन्हें दूसरे स्थान पर रहना पड़ा। जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91 मीटर दूर भाला फेंका और पहला स्थान हासिल किया।

### नीरज और वेबर के बीच दिखी टक्कर

27 वर्षीय दोहरे ओलंपिक पदक विजेता ने अपने तीसरे प्रयास में अपना भाला 90.23 मीटर तक फेंका, जबकि वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो फेंका। उनके मौजूदा कोच चेक गणराज्य के यान जेलेज्नी 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंकने वाले भालाफेंक खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं। टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा 90 मीटर पार करने वाले दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए। ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97 मीटर) और चीनी ताइपै के चाओ सुन चेंग (91.36) ही एशिया के दो अन्य खिलाड़ी हैं जो 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं।

नीरज ने मैच के बाद कहा, 'मैं 90 मीटर का आंकड़ा छूकर बहुत खुश हूं, लेकिन यह वास्तव में थोड़ा कड़वा-मीठा अनुभव है। कोई बात नहीं, मैं और मेरे कोच अभी भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ काम करना शुरू किया था। मैं अभी भी चीजें सीख रहा हूं। पिछले कुछ वर्षों में मुझे हमेशा कमर में दर्द महसूस होता था और परेशानी रहती थी। इस वजह से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पा रहा था। इस साल मैं बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं, हम कुछ पहलुओं पर भी काम करेंगे और इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप तक आने वाले इवेंट में 90 मीटर से अधिक थ्रो कर सकता हूं।'

# गिल-बुमराह में कौन होगा कप्तान, नंबर तीन पर खेलेंगे सुदर्शन? टीम चयन से पहले 6 बड़े सवालों के जवाब

**मुंबई।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास की वजह से भारतीय टीम में दो स्थान रिक्त हो गए हैं। इन दोनों का संन्यास उस समय आया जब अगले महीने भारत को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से चार अगस्त के बीच होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के लिहाज से काफी अहम है। इसके लिए टीम का चयन जल्द होने वाला है, लेकिन उससे पहले कुछ ऐसे सवाल हैं, जिन पर फैंस और चयनकर्ता जरूर सोच विचार कर रहे होंगे। आइए उन सवालों और उसके उत्तर के बारे में जानते हैं, जिन पर अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 19 मई को बैठक करेगी और भारतीय क्रिकेट के नए युग में प्रवेश करने पर चर्चा करेगी।



शुभमन गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं, लेकिन जसप्रीत बुमराह भी रेस में हैं। कुछ लोग यह भी मानते हैं कि केएल राहुल इस रेस में वाइल्डकार्ड एंट्री हो सकते हैं। गिल (25) को उनके साथियों, चयनकताओं और भारत के कोचिंग स्टाफ से समर्थन मिला है। उनका मानना है वह एक शांत और भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में विकसित हो रहे हैं। भले ही विदेशों में उनकी बल्लेबाजी अभी भी चिंता का विषय है, लेकिन वह सीख रहे हैं। हर कोई इस बात से सहमत है कि गिल में विकसित होने और लंबे समय के लिए कप्तान बनने के सभी गुण हैं।

दूसरी ओर बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खुद को बतौर कप्तान साबित किया था। उन्होंने आगे बढ़कर लीड किया था। इतना ही नहीं, उन्हें अपने खिलाड़ियों से सम्मान हासिल है। उन्होंने पहली बार 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में और फिर 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले और पांचवें टेस्ट में भारत की कप्तानी की। हालांकि, बुमराह की पीठ में चोट रहती है और इस वजह से वह दो बार लंबे समय के लिए टीम से बाहर हो चुके हैं। बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहने के बाद आईपीएल में एक्शन में लौटे हैं। मेडिकल टीम ने भी सलाह दी है कि वह इंग्लैंड जैसी लंबी टेस्ट सीरीज में हर मैच नहीं खेलें। यह भी संभव है कि बुमराह को कप्तान बनाकर शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया जाए। इस स्थिति में इंग्लैंड सीरीज पर दोनों बारी बारी से कप्तानी कर सकेंगे। पंत भी रेस में हैं।

### यशस्वी का ओपनिंग पार्टनर कौन होगा?

ऑस्ट्रेलिया में राहुल की बतौर ओपनर सफलता ने रोहित को मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर किया। ऐसे में वह इंग्लैंड दौरे पर भी यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करने के लिए रेस में सबसे आगे होंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए राहुल को मध्यक्रम के लिए चुना गया था, लेकिन रोहित की पहले टेस्ट में गैरमौजूदगी ने राहुल के लिए ओपनर का रास्ता खोल दिया। राहुल ने इंग्लैंड में सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छे स्कोर बनाए हैं।

# पिछले कुछ साल में 90 मीटर की दूरी क्यों नहीं तय कर पाए नीरज? किया खुलासा

**नई दिल्ली।** दोहा डायमंड लीग स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के लिए मिलाजुला अनुभव लेकर आया। वह करियर में पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा पार करने के बावजूद दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि, नीरज का मानना है कि वह आगे के टूनामेंट्स में भी 90 मीटर की दूरी तय कर सकते हैं, क्योंकि उनकी कमर की चोट लगभग ठीक हो गई है। इस स्टार भारतीय एथलीट का कहना है कि वह पिछले कुछ वर्षों में इसी दिक्कत से जूझ रहे थे और तभी 90 मीटर की दूरी नहीं कर पा रहे थे। हालांकि, अब वह तैयार हैं और विश्व चैंपियनशिप में भी कमाल करने की कोशिश करेंगे।



### नीरज ने पहली बार पार किया 90 मीटर का आंकड़ा

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 साल के नीरज ने दोहा डायमंड लीग में अपने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर की दूरी तय की और वह 90 मीटर भाला फेंकने वाले दुनिया के कई दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए। नीरज के मौजूदा कोच चेक गणराज्य के यान जेलेज्नी के नाम विश्व रिकॉर्ड है। नीरज यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे एशियाई और कुल मिलाकर 25वें खिलाड़ी बन गए। हालांकि, दोहा में जूलियन वेबर ने बाजी पलट दी और अपने छठे और अंतिम थ्रो में नीरज से ज्यादा दूर भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वेबर ने 91.06 मीटर दूर भाला फेंके। वेबर के अंतिम प्रयास से पहले नीरज आगे चल रहे थे।

### नीरज के लिए यह कड़वा मीठा अनुभव है

नीरज ने मैच के बाद कहा, 'मैं 90 मीटर का आंकड़ा छूकर बहुत खुश हूं, लेकिन यह वास्तव में थोड़ा कड़वा-मीठा अनुभव है। कोई बात नहीं, मैं और मेरे कोच अभी भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ काम करना शुरू किया था। मैं अभी भी चीजें सीख रहा हूं। पिछले कुछ वर्षों में मुझे हमेशा कमर में दर्द महसूस होता था और परेशानी रहती थी। इस वजह से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पा रहा था। इस साल मैं बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं, हम कुछ पहलुओं पर भी काम करेंगे और इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप तक आने वाले इवेंट में 90 मीटर से अधिक थ्रो कर सकता हूं।'

### नीरज ने कहा कि उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो आना अभी बाकी है

पीठ की समस्या ठीक होने के बाद नीरज ने कहा कि उनका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। फैंस इस साल उनसे 90 मीटर के और थ्रो की उम्मीद कर सकते हैं, जो पिछले पांच वर्षों से उनके लिए एक मायावी उपलब्धि है। आत्मविश्वास से भरे और चोट-मुक्त नीरज जेलेज्नी के मार्गदर्शन में कुछ पहलुओं को ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले साल नवंबर में जेलेज्नी को नीरज का कोच बनाया गया था, लेकिन नीरज ने कहा कि वे इस साल फरवरी से ही साथ काम कर रहे हैं।

### विश्व चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में

विश्व चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित की जाएगी। दोहा डायमंड लीग के बाद नीरज पोलैंड में ओरलेन जानुज कुसोसिंकी स्मृति टूनार्मेंट खेलेंगे। वह 24 जून से चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक 2025 में भाग लेंगे जहां पिछले दो सत्र में वह चोट के कारण नहीं खेल सके थे। अब जब 90 मीटर का आंकड़ा पार हो गया है, तो उनके अगले लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर नीरज ने कहा, 'मेरा अगला लक्ष्य सिर्फ 90 मीटर भाला फेंकना है, इससे कम नहीं। मेरा मानना है कि मैं और दूर तक फेंकने के लिए तैयार हूं। यह एक लंबे सत्र की शुरूआत है।'

# प्रज्ञानंद ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूनार्मेंट जीता, टाइब्रेकर से हुआ विजेता का फैसला



**नई दिल्ली।** भारत के आर प्रज्ञानंद ने अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूनार्मेंट अपने नाम किया। जीत के बाद प्रज्ञानंद ने एक्स पर लिखा, 'अविश्वसनीय अनुभव। अभी अभी बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूनार्मेंट जीता। मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसलाअफजाई करने के लिए धन्यवाद।' प्रज्ञानंद, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानंद ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। भारत के विश्व चैंपियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। अब ग्रैंड शतरंज टूर का अगला टूनार्मेंट सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज एक जुलाई से क्रोएशिया में खेला जाएगा।

### 12 साल की उम्र में रचा था इतिहास

प्रज्ञानंद के लिए साल 2018 खास रहा। वह महज 12 साल की उम्र में ही ग्रैंडमास्टर बन गए थे। वह भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने थे। इस मामले में उन्होंने विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ा था। आनंद 18 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बने थे। प्रज्ञानंद दुनिया के दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने थे। उनसे आगे सिर्फ यूक्रेन के सिर्जी कर्जाकिन हैं। वह साल 1990 में सिर्फ 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गए थे।

### प्रगनाननंदा को पसंद है क्रिकेट

प्रज्ञानंद शतरंज के अलावा क्रिकेट का भी शौक रखते हैं। मौका मिलने पर वो क्रिकेट मैच खेलने भी जाते हैं। हालांकि, शतरंज में करियर बनाने के चलते उन्होंने क्रिकेट के मैदान पर कोई उपलब्धि नहीं हासिल की है, लेकिन उन्हें क्रिकेट खेलने और मैच देखने का शौक है।

# बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम घोषित की करुण नायर को मिला मौका; अभिमन्यु करेंगे कप्तानी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम घोषित कर दी है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने का ईनाम करुण नायर को मिला और उन्होंने इसके लिए टीम में जगह दी गई है। भारत ए टीम को इंग्लैंड दौरे पर इंग्लैंड लायंस टीम के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलने हैं। भारतीय टीम इस दौरे पर अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी में खेलने उतरेगी।



भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच ये दो मुकाबले कैंटरबरी और नॉर्थम्पटन में खेले जाएंगे। इस दौरे का अंत भारत की सीनियर टीम के खिलाफ मैच के साथ होगा। भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला मुकाबला 30 मई से दो जून तक खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला छह से नौ जून तक नॉर्थम्पटन में होगा। इसके बाद टीम 13 से 16 जून तक इंट्रा स्क्वाड मैच खेलेगी।

इस टीम की सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसमें करुण नायर को मौका मिला है जिन्होंने भारत के लिए आखिरी बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपना दम दिखाया था और टीम में उनकी वापसी इसी प्रदर्शन की बदौलत हुई है। भारत अपनी टेस्ट टीम को मजबूती देना चाहता है और यह दौरा नायर के लिए सीनियर टीम में वापसी के दरवाजे खोल सकता है। 31 वर्षीय करुण ने घरेलू क्रिकेट में विदर्भ के लिए खेलते हुए विजय हजारे ट्रॉफी के आठ मैचों में 779 रन बनाए जिसमें पांच शतक शामिल था। करुण ने इस दौरान लगातार चार मैचों में शतक जड़े थे। रणजी ट्रॉफी में करुण ने नौ मैचों में 863 रन बनाए जिसमें फाइनल में केरल के खिलाफ शतक और एक अर्धशतक शामिल हैं। विदर्भ ने केरल को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभिमन्यु जहां टीम की कमान संभालेंगे, वहीं ध्रुव जुरेल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

इस टीम में युवा खिलाड़ियों के साथ ही अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। ईशान किशन भी इसके लिए टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं जिससे टीम में जुरेल के साथ वह दूसरे विकेटकीपर का विकल्प हैं। वहीं, शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाजी आक्रमण में जिम्मा संभालेंगे। भारतीय चयनकताओं ने शुभमन गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया है जो दूसरे मैच से पहले टीम से जुड़ जाएंगे।

# लीग चरण के बाद टीमों को होगी दिक्कतें, वापस लौट जाएंगे इन टीमों के ये विदेशी खिलाड़ी

**मुंबई।** आईपीएल 2025 के शेष मुकाबलों की शुरूआत शनिवार से हो रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इस लीग को बीच में ही एक सप्ताह के लिए स्थगित करना पड़ा था, लेकिन दोनों देशों के बीच सीजफायर के एलान के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लीग दोबारा शुरू करने का फैसला किया। आईपीएल के मौजूदा सीजन में फाइनल सहित अब 17 मुकाबले और खेले जाएंगे।



लीग शुरू होने के बाद फ्रेंचाइजी के लिए सबसे बड़ी दिक्कत विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता है। कई देशों के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता और अन्य कारणों के चलते इसमें हिस्सा नहीं ले सकेंगे, जबकि कुछ खिलाड़ी सिर्फ ग्रुप चरण तक ही टीमों का साथ दे सकेंगे और प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला जाना है और इस कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ियों का फाइनल तक टीम के लिए उपलब्ध होना कठिन है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबले से आईपीएल 2025 का शेष चरण शुरू हो रहा है। इससे पहले जानिए सभी 10 टीमों के विदेशी खिलाड़ियों की स्थिति।

गुजरात की टीम प्लेऑफ में क्वालिफाई करने के करीब है, लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जोस बटलर सिर्फ ग्रुप चरण तक ही टीम के साथ होंगे और प्लेऑफ के लिए उनकी जगह कुसल मेंडिस लेंगे। शेरफाने रदरफोर्ड और कगिसो रबाडा भी लीग चरण के अंत तक टीम के साथ होंगे। वहीं, राशिद खान, करीम जनत, दासुन शनाका और गेराल्ड कोएट्ज़े पूरी सीजन तक टीम के लिए उपलब्ध होंगे।

आरसीबी की टीम अपने पहले खिताब की तलाश में जुटी है, लेकिन उसके सामने भी चुनौतियां हैं। रोमारिया शेफर्ड, फिल सॉल्ट और जेकब बेथेल सिर्फ दो लीग मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और लुंगी एनडिगी लीग चरण के खत्म होने तक टीम के साथ होंगे, जबकि नुवान तुषारा पूरे सत्र के लिए उपलब्ध होंगे। टीम के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

पंजाब किंग्स के लिए मिचेल ओवन, अजमातुल्लाह ओमरजई, मार्को यानसेन लीग चरण के खत्म होने तक उपलब्ध रहेंगे। वहीं, जेवियर बार्टलेट और काइल जैमिसन टीम के साथ होंगे। जैमिसन को चोटिल लॉकी फर्ग्यूसन की जगह टीम में शामिल किया गया था। जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस और आरोन हार्डी की उपलब्धता पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। विल जैक्स लीग चरण के खत्म होने तक मुंबई इंडियंस के लिए उपलब्ध होंगे, लेकिन अगर टीम प्लेऑफ में पहुंचती है तो उनकी जगह जॉनी बेयरस्टो ले सकते हैं। ऐसे ही रियान रिक्लेटन भी लीग चरण तक साथ होंगे और प्लेऑफ में उनकी जगह रिचर्ड ग्लीसन ले सकते हैं। बेवोन जैकब और कॉर्बिन बॉश ग्रुप चरण तक उपलब्ध होंगे। वहीं, मिचेल सैंटनर, ट्रेंट बोल्ट, रीस टॉप्ली और मुजीब उर रहमान पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# वानखेड़े स्टेडियम में रोहित के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन हुआ

**नई दिल्ली।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा और एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के स्टैंड्स का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने रोहित और पवार के अलावा पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर स्टैंड्स का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। इसके अलावा एमसीए के पूर्व अध्यक्ष अमोल काले के नाम पर एमसीए दफ्तर का लाउंज का उद्घाटन किया गया है।




### रोहित बोले- शब्दों में बयां नहीं कर सकता अहसास

उद्घाटन समारोह के दौरान रोहित ने कहा, आज जो कुछ भी हो रहा है, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। बचपन से मैं मुंबई और भारत के लिए खेलना चाहता था। कोई भी इस बारे में नहीं सोच सकता। मेरे लिए खेल के दिग्गजों के साथ मेरा नाम होना, इस अहसास को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि मैं अभी भी खेल रहा हूं। मैंने दो प्रारूप से संन्यास लिया है, लेकिन अभी भी एक प्रारूप में खेल रहा हूं।

एमसीए ने पिछले महीने वार्षिक आम बैठक के दौरान इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव पारित किया था। वानखेड़े स्टेडियम ग्रैंड स्टैंड लेवल 3 का नाम शरद पवार स्टैंड, ग्रैंड स्टैंड लेवल 4 का नाम अजीत वाडेकर स्टैंड और दिवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। वानखेड़े स्टेडियम पर इससे पहले भी कई क्रिकेट दिग्गजों के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जा चुके हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, विजय मर्चेंट और दिलीप वेंगसरकर के नाम शामिल हैं। रोहित ने कहा, 21 तारीख को जब मैं यहां आऊंगा और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलूंगा तो यह एक अवास्तविक अहसास होगा, क्योंकि इस मैदान पर मेरे नाम का स्टैंड हो गया है, तो यह एक बहुत ही विशेष अहसास है। यह उस वक्त भी विशेष रहेगा जब कभी भी मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करने आऊंगा। मैं इतने सारे लोगों, विशेषकर मेरे परिवार, मेरी मां और पिताजी, मेरे भाई, उनकी पत्नी और मेरी पत्नी, जो यहां उपस्थित हैं, इनके सामने यह बड़ा सम्मान पाकर आभारी हूं। इन लोगों ने मेरे लिए जो त्याग किए उसके लिए भी मैं इन लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। इसके अलावा विशेष रूप से मैं अपनी टीम मुंबई इंडियंस को भी धन्यवाद कहना चाहता हूं।

### फडणवीस ने फैसले को सराहा

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने एक बेहतरीन फैसला लिया है। हम उन लोगों का जश्न मना रहे हैं जिन्होंने हमें गौरवान्वित किया है। बीसीसीआई के अध्यक्ष के रूप में, एमसीए के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने (शरद पवार) क्रिकेट के विकास के लिए जो काम किया है, निश्चित रूप से आज हम जिस मंच पर क्रिकेट देख रहे हैं, उसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है और इसलिए, वानखेड़े में पवार के नाम पर स्टैंड का नाम रखना एमसीए द्वारा लिया गया एक बहुत ही सही फैसला है। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं।

# 33 साल के रोस्टन चेज बने वेस्टइंडीज के नए कप्तान, दो साल पहले खेला था पिछला टेस्ट

**वेस्टइंडीज।** रोस्टन चेज को वेस्टइंडीज की पुरुष क्रिकेट टीम का नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। हैरानी की बात यह है कि चेज ने पिछला टेस्ट दो साल यानी 2023 में खेला था और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें कमान सौंप दी। चेज पूर्व कप्तान क्रेग ब्रेथवेट की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। ब्रेथवेट ने इस साल मार्च में टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था।



### पहला असाइनमेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ

कप्तान की भूमिका में चेज का पहला असाइनमेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज है, जो नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र 2025-27 में दोनों टीमों की पहली भिड़ंत होगी। योमेल वारिकन को टेस्ट टीम का उपकप्तान नामित किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कहा कि उसने कप्तान के चयन के लिए डेटा, बहु-आयामी ढांचा अपनाया। टेस्ट कप्तान की भूमिका के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अन्य खिलाड़ियों में जॉन कैंपबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा और जस्टिन ग्रीव्स के नाम भी शामिल थे। सीडब्ल्यूआई की विज्ञप्ति के मुताबिक, वेस्टइंडीज के मौजूदा वनडे और टी20 कप्तान शाई होप ने टेस्ट में कप्तानी करने से इनकार कर दिया था। नए कप्तान के लिए चयन के दौरान इंटरव्यू पैनल में डैरेन सैमी (मुख्य कोच), माइल्स बासकॉम्ब (क्रिकेट निदेशक) और इनोक लुईस (क्रिकेट रणनीति और कार्यवाहक समिति के अध्यक्ष) शामिल थे।

सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो ने कहा, 'यह चयन प्रक्रिया हमारे द्वारा की गई सबसे व्यापक और आगे की सोच में से एक है। मैं चेज की निष्पक्षता और रणनीतिक सोच की गहराई से प्रभावित हूं। इसी को देखते हुए फैसला लिया गया है। इसने वेस्टइंडीज क्रिकेट में कप्तान चुनने के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है।

## श्रद्धांजलि



गाजियाबाद करंट क्राइम। आरक्षी 1648 अंकित तोमर तैनाती यातायात पुलिस, कमिश्नरेट गाजियाबाद की थाना कौशाम्बी क्षेत्रान्तर्गत ड्यूटी के दौरान एक महिला को नहर में डूबने से बचाते समय आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण पुलिस विभाग को अपूर्ण क्षति हुई है, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद एवं पुलिस परिवार द्वारा पार्थिव शरीर को कंधा देकर राजकीय सम्मान के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई ।

# गाजियाबाद में अवैध पटाखों का जखीरा जब्त



**गाजियायाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मकान में अवैध तरीके से पटाखों का निर्माण का कार्य करने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। जिसकी वजह 33 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गुलशन कालोनी ग्राम शहजादपुर में स्थित एक मकान में अवैध तरीके से पटाखों का निर्माण का कार्य करने वाले अभियुक्त इरफान पुत्र सगीर निवासी फर्रुखनगर असालतपुर थाना टीलामोड गाजियाबाद उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

मौके से 10 पेटी फायर शाट्स (पूर्ण निर्मित कुल संख्या 1800) व 500 सुतली बम व 500 सुतली बम लाल टेप से कसे हुए व 10 पैकेट डेटोनेटर फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने वाले (कुल 1000) व 14 बोरे (कुल वजन 285 किलो) फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने वाला सफेद पाउडर व 39 किलो 220 ग्राम फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने काला पाउडर (बारूद) व 34 किलो 860 ग्राम फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने वाला सिक्के का चूरा / बूटटा व 08 किलो 600 ग्राम फायर शाट्स बनाने मे प्रयोग होने वाला हल्के पीले व सफेद रंग का पाउडर (गंधक-पोटाश) तथा पटाखे बनाने की अवैध सामग्री उपकरण सहित बरामद हुई। इसके अलावा बरामदगी के आधार पर थाना मुरादनगर पर तत्काल धारा-9(बी)1(बी) विस्फोटक अधिनियम 1884 एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। आगे की जांच की जा रही है।

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं और मेरे अन्य साथी इस मकान में पटाखे बनाने के उपकरण से अवैध रूप से पटाखे तैयार कर अलग-अलग मार्का लगाकर जगह-जगह बेच देते हैं। जिससे हमें काफी मुनाफा होता है। अवैध रूप से पटाखे बनाकर बेचने से प्राप्त मुनाफे से हम अपना खर्चा चलाते हैं। हमारे पास इसका कोई लाइसेंस भी नहीं है।

गाजियाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इरफान पुत्र सगीर को गिरफ्तार किया है। जिसकी उम्र 33 वर्ष बताई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ वांछित अभियुक्तों के नाम हैं कामिल, समीर, आस मोहम्मद, महबूब और इसरार हैं। ये सभी मुरादनगर के रहने वाले हैं।

## गाजियाबाद में चलती बाइक में लगी आग

# पुलिस कर्मी ने कूदकर बचाई जान, फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर बंबा रजवाहे की पटरी पर एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। हापुड़ न्याय ाालय में तैनात पुलिस कर्मी सोनू उपाध्याय की बाइक में यह हादसा हुआ।

घटना उस समय हुई जब सोनू गदाना पेट्रोल पंप से तेल भरवाकर अपने घर लौट रहे थे। सीकरी रजवाहे मार्ग पर यू-टर्न लेते समय उनकी बाइक में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, जिसके बाद सोनू ने तुरंत बाइक से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई।

आबादी वाले क्षेत्र में हुई इस घटना से आसपास अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और आग बुझाने में जुट गए। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी।

सोनू उपाध्याय गांव सीकरी में किराए के मकान में रहते हैं। दमकल विभाग को सूचना दी गई, लेकिन दमकल की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची।

# जल बिन सब सून, वार्ड 95 की जनता पानी की समस्या से त्रस्त : मौ. जाकिर अली सैफी



### - नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को लिखा शिकायती पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 95 के फेल व खराब 5 एचपी के 5, 10 एचपी के 05 मिनी नलकूप, 30 एचपी के 02 बड़े नलकूप को ठीक कराकर जनता की पानी की गम्भीर समस्या के समाधान कराने के लिए क्षेत्र की जनता के साथ क्षेत्रीय पार्षद रुकसाना सैफी व पूर्व पार्षद मौ0 जाकिर अली सैफी संयुक्त रूप से नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को शिकायती पत्र देने के लिए गए थे। नगर निगम गाज़ियाबाद मुख्यालय में नगर आयुक्त सहित जल कल विभाग के कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं थे, जिसके बाद अपर नगर आयुक्त अरविंदर सिंह ने क्षेत्रीय पार्षद रुकसाना सैफी व पूर्व पार्षद मौ0 जाकिर अली सैफी एवं क्षेत्र की जनता की पानी संबंधी समस्या सुनी, शिकायती पत्र लेकर संज्ञान लिया और जल्द ही समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

# महिलाओं के मंगलसूत्र लूटने वाले 2 लुटेरों का एनकाउंटर

## पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मारी, दूसरे को घेरकर पकड़ा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने शुक्रवार देर रात 2 बदमाशों को एनकाउंटर में अरेस्ट किया है। इनमें से पुलिस ने एक बदमाश को दौड़ाकर पैर में गोली मारी, जबकि दूसरे को घेरकर अरेस्ट किया है। पूछताछ में पता चला कि दोनों बदमाश अलग अलग थाना क्षेत्रों में लूट की कई वारदात कर चुके हैं।

एक सप्ताह पहले ही एक महिला से शालीमार गार्डन में मंगलसूत्र लूटा था। पुलिस ने मौके से एक स्कूटी, एक तमंचा, 7 हजार रुपये और एक मंगलसूत्र बरामद किया है।

शुक्रवार रात शालीमार गार्डन पुलिस इरठछ एक्सचेंज कट के आने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। तभी स्कूटी सवार युवक इरठछ कट के दूसरी तरफ से आते दिखाई दिए। पुलिस ने चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया गया तो नहीं रुके और अपनी स्कूटी को पीछे मोड़कर तेजी से वापस भागने लगे। पुलिस को शक हुआ कि दोनों संदिग्ध हैं। पुलिस को अपने पीछे आते देख भाग रहे बदमाशों के द्वारा स्कूटी को तेजी से भगाने के कारण फिसल कर गिर गई। जिसमें एक बदमाश ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। इस दौरान पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह वहीं गिर पड़ा। दूसरे भाग रहे बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया।

एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि घायल बदमाश का नाम करन पुत्र विजयपाल निवासी कबूल नगर बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद है। दूसरे बदमाश को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम सुशील शर्मा पुत्र विजेंद्र शर्मा मूल निवासी सिसोली जिला मेरठ बताया। सुशील इस समय भगवती नगर गोकुलपुरी दिल्ली में किराए पर रह रहा है। दोनों ने पुलिस को कि हम दो महीने में चार- पांच महिलाओं से लूट कर चुके हैं। गले की चेन और मंगलसूत्र ही लूटते थे। लूट के बाद दिल्ली भाग जाते और वहीं पर होटल में पार्टी करते।

# गाजियाबाद के 122 पेट्रोल पंप पर लगेंगे कैमरे

## पुराने वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा, एएनपीआर कैमरे नंबर प्लेट से करेंगे पहचान





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण और हादसों पर नियंत्रण के लिए नई पहल की जा रही है। सभी पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे पुराने वाहनों की पहचान करेंगे।

दिल्ली में यह व्यवस्था 30 जून 2024 तक लागू होगी। एनसीआर के पांच जिलों में 25 अक्टूबर 2025 तक कैमरे लगेंगे। इन जिलों में गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत शामिल हैं। गाजियाबाद के जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट स्कैन करेंगे। पुराने वाहन आने पर अलर्ट मैसेज भेजेंगे। ऐसे वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। पेट्रोल पंप संचालकों से कैमरे लगाने की लागत का विवरण मांगा गया है। इस रिपोर्ट को परिवहन विभाग के साथ साझा किया जाएगा। शासन से बजट मिलने के बाद कैमरे लगाए जाएंगे। गाजियाबाद में कुल 122 पेट्रोल पंप हैं।

# मुरादनगर में राष्ट्रीय एकता की मिसाल: सैकड़ों छात्रों और सामाजिक संगठनों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुरादनगर में बुन एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी और लायंस क्लब लाइफ लाइन ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा में प्राइमरी स्कूल नेकपुर 2 और कोम्पोजिट विद्यालय नेकपुर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। एक किलोमीटर लंबी इस यात्रा में बच्चों ने तिरंगा लहराया। उन्होंने भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। यात्रा भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित थी। इसमें स्थानीय नागरिक और अभिभावक भी शामिल हुए।

शिक्षकों ने बच्चों को भारतीय सेना की वीरता की कहानियां सुनाईं। बच्चों ने भी सेना के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को फूड पैकेट और उपहार दिए गए।

कार्यक्रम में डॉ. शिव राज सिंह, दमयंती सिंह, एन.के. शर्मा, अपराजिता शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बच्चों के उत्साह और अनुशासन की सराहना की। डॉ. शिव राज सिंह ने कहा कि यह यात्रा भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करती है।

प्राइमरी स्कूल नेकपुर 2 के प्रधानाचार्य प्रदीप यादव और कोम्पोजिट विद्यालय नेकपुर की प्रधानाचार्य सपना सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत किया।

## बर्ड फ्लू की दहशत से नॉनवेज की बिक्री प्रभावित

# गाजियाबाद में 670 सैंपल नेगेटिव 45 नए सैंपल की जांच जारी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गोरखपुर के चिड़ियाघर में एक बाघ में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद गाजियाबाद में सतर्कता बढ़ा दी गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी पांडे ने बताया कि मार्च तक भेजे गए 670 सैंपल की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। पिछले महीने 45 और सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट का इंतजार है।

डॉक्टर पांडे के अनुसार बर्ड फ्लू मुख्य रूप से ऊंचे उड़ने वाले पक्षियों में पाया जाता है। गाजियाबाद में इस बीमारी का खतरा कम है। यहां ऐसा कोई जल स्रोत नहीं है, जहां प्रवासी पक्षी आते हों। फिर भी निगरानी जारी है।

इस बीच, नॉनवेज व्यवसाय पर असर पड़ा है। रेस्टोरेंट मालिक मेहराज आलम ने बताया कि बर्ड फ्लू की अफवाहों के कारण ग्राहकों की संख्या में कमी आई है। व्यवसाय में गिरावट से दैनिक खर्चों की पूर्ति में भी दिक्कत हो रही है।

## हापुड़ में परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

# 6 रोडवेज बसें और 7 निजी वैन समेत 15 वाहन बंद करवाए गए, चेकिंग अभियान चलाया गया



**हापुड़ करंट क्राइम।** लखनऊ में हुए हालिया सड़क हादसे के बाद हापुड़ में परिवहन विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग ने 15 वाहनों को बंद कर दिया है। इनमें 6 रोडवेज बसें और 7 निजी वैन शामिल हैं। एआरटीओ रमेश चौबे और पीटीओ आशुतोष उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। हापुड़ शहर और आसपास के इलाकों में वाहनों के दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, बीमा और ओवरलोडिंग की जांच की गई। कई वाहनों में खामियां मिलने पर उन्हें तुरंत बंद किया गया।

### मालिकों को तय मानकों का पालन करना होगा

परिवहन अधिकारियों ने कहा कि लखनऊ में स्कूल वैन दुर्घटना के बाद पूरे राज्य में सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि बिना फिटनेस वाले वाहन हादसों का कारण बन सकते हैं। इसलिए सभी वाहन मालिकों को तय मानकों का पालन करना होगा।

एआरटीओ रमेश चौबे ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पीटीओ आशुतोष उपाध्याय ने अभिभावकों से बच्चों के लिए सुरक्षित और प्रमाणित वाहनों का चयन करने की अपील की है। इस कार्रवाई से वाहन मालिकों में हलचल मची है। आम जनता ने इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है।

# 20 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

## उड़ीसा से माल लाकर एनसीआर में करता था सप्लाई, एक साथी फरार



**गौतम बुद्ध नगर करंट क्राइम।** नोएडा की सेक्टर 63 पुलिस ने गांजा तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विशाल के पास से 20 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। इसकी कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। आरोपी विशाल को मेट्रो पिलर नंबर 36 के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्विफ्ट कार भी जब्त की है।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि विशाल अपने साथी के साथ उड़ीसा से गांजा लाता था। वह इसे नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करता था। आरोपी उड़ीसा से सस्ते दाम में गांजा खरीदकर यहां ज्यादा कीमत पर बेचता था। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश जारी है। एक साथी की पहचान हो चुकी है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## नाइजीरियाई नागरिकों की अवैध शराब पार्टी का भंडाफोड़

# नोएडा में रेस्टोरेंट संचालिका समेत दो गिरफ्तार, विदेशी और हरियाणा मार्का शराब जब्त




**गौतम बुद्ध नगर करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा में आबकारी विभाग और सूरजपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब पार्टी का भंडाफोड़ किया है। यूपीएसआईडीसी के बी 84 एबोड गेस्ट हाऊस में छापेमारी के दौरान दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर टीम ने छापेमारी की। रेस्टोरेंट में बिना अनुमति के शराब पार्टी चल रही थी। टीम को देखकर कुछ अफ्रीकी मूल के लोग भागने लगे। पुलिस ने रेस्टोरेंट की संचालिका कैसेंड्रा और उसके सहयोगी विक्टर को मौके पर ही पकड़ लिया। दोनों नाइजीरिया के रहने वाले हैं।

संचालिका की निशानदेही पर एक टोयोटा कार भी जब्त की गई। कार में से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। इसमें 179 बोतल शराब, 24 कैन किंगफिशर बीयर, 50 कैन बुडवाइजर बीयर और 10 बोतल समायरा रेड वाइन शामिल हैं। इसके अलावा हरियाणा मार्का की 2 बोतल एब्सोल्यूट वोडका, 2 बोतल जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल और 2 बोतल जॉनी वॉकर रेड लेबल भी बरामद की गईं।

दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम और विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### दो दिन में 33 वाहन सीज, 49 वाहनों के किए चालान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आरटीओ केडी गौर ने बताया कि बसों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, बसों में अलग से सीट लगाकर सवारी बैठाने की व्यवस्था करने, बिना परमिट, बिना फिटनेस आदि की जांच की गई। सवा पांच लाख रुपये चालान राशि के रूप में वसूले गए। सीज वाहनों पर भी 15 लाख से अधिक जुर्माना लगाया गया है। शनिवार को भी जिले के अलग-अलग हिस्सों में एआरटीओ प्रवर्तन के स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

भले ही आरटीओ के स्तर से अभियान चलाने का दावा किया जा रहा हो, लेकिन बसों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर निजी बसें धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। ठूंस-ठूंसकर सवारियों को इनमें भरा जा रहा है। ये बसें एक दो जिलों को नहीं, बल्कि राज्यों को पार करती हैं। एनएच पर लालकुआं, मणिपाल अस्पताल आदि स्थानों पर ये बसें किसी भी समय सड़क किनारे खड़ी मिल जाएंगी। चालक-परिचालक क्षमता से दोगुनी तक सवारी बैठाकर लोगों की सुरक्षा से समझौता कर रहे हैं।

### एक से 15 जून तक चलेगा विशेष अभियान

आरटीओ प्रवर्तन केडी गौर ने बताया कि परिवहन आयुक्त के आदेश पर एक से 15 जून तक विशेष अभियान चलेगा। इसमें ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसा जाएगा। सड़कों पर किसी भी कीमत पर बिना फिटनेस, बिना परमिट, गैर पंजीकृत, ओवरलोड वाहनों को नहीं दौड़ने दिया जाएगा। इस दौरान निजी वाहनों में स्कूली बच्चों को ढोने वाले भी निशाने पर रहेंगे।

# नोएडा में तूफान से आम की फसल को नुकसान: जेवर क्षेत्र के बागों में 70 प्रतिशत आम गिरे, किसानों ने मांगा मुआवजा



**नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में शुक्रवार शाम को आए तूफान ने आम के बाग मालिकों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। तूफान से बिलासपुर, हतेवा, दलेलगढ़, ठसराना और मोहम्मदपुर गुर्जर गांव के बागों में आम के पेड़ों से कच्चे आम टूटकर गिर गए हैं। हतेवा गांव के किसान पंकज शर्मा के 100 बीघा आम के बाग में करीब 70 प्रतिशत फसल को नुकसान हुआ है। बिलासपुर के व्यापारी शरीफ और फकरु ने बताया कि उन्होंने सैकड़ों बीघे बाग ठेके पर लिए थे। तूफान से गिरे कच्चे आम इतने छोटे हैं कि अचार के लिए भी बिक नहीं सकते। किसानों का कहना है कि इस नुकसान का असर आम की पैदावार पर पड़ेगा। इससे बाजार में आम की कीमतें बढ़ सकती हैं। बाग मालिकों को चिंता है कि अगर आगे और तूफान आए तो बागों में कुछ नहीं बचेगा। पीड़ित किसानों ने मुख्यमंत्री से नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की है।

# गाजा में इस्राइल ने शुरू किया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स, बंधकों को ऐसे कराएंगे रिहा

**यरुशलम ।** इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने शनिवार को जानकारी दी कि यह अभियान पूरी ताकत के साथ चलाया जा रहा है। इसका मकसद हमास पर दबाव डालना है ताकि बचे हुए बंधकों को रिहा कराया जा सके।

इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध को खत्म करने के लिए कई देश प्रयास कर रहें है। हालांकि इससे पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ तौर पर कहा था कि हमास को खत्म करने के लिए दबाव बढ़ाया जाएगा। ध्यान रहे कि हमास पिछले करीब दो दशकों से गाजा पर शासन कर रहा है।

बता दें कि इस्राइल के इस सैन्य अभियान की शुरूआत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड



ट्रंप ने हाल ही में क्षेत्र का दौरा पूरा किया, लेकिन इस्राइल का दौरा नहीं किया, जिससे सीजफायर की उम्मीदें कमजोर पड़ी हैं। वहीं कतर की राजधानी दोहा में इस्राइल और हमास के बीच चल रही वाताओं में अभी तक कोई ठोस सफलता नहीं मिल पाई, जिसके बाद हमास की मांग है कि एक

**इस्राइल अब अपने बचे हुए बंधकों की रिहाई के लिए लगातार से हमास पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। तभी तो जारी संघर्ष के बीच इस्राइल ने गाजा पट्टी में ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स नाम से एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है**

ऐसा समझौता हो जिससे तीन साल से चल रहा युद्ध खत्म हो, लेकिन इस्राइल इसके लिए तैयार नहीं है।


मामले में गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 150 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 18 मार्च को युद्धविराम टूटने के बाद से अब तक करीब 3,000 लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि इस्राइल का मानना है कि गाजा में अभी कम से कम 23 बंधक जिंदा हैं, हालांकि इनमें से तीन की हालत को लेकर चिंता जताई गई है।

# इतालवी पीएम मेलोनी के सामने घुटने पर बैठे अल्बानियाई प्रधानमंत्री

**इटली।** इटली की प्रधानमंत्री जियॉर्जिया मेलनी जब तिराना में यूरोपियन पॉलिटिकल कम्युनिटी समिट में पहुंचीं, तो अनोखा नजारा देखने को मिला। अल्बानिया के पीएम एदी रामा ने रेड कार्पेट पर घुटनों के बल झुककर मेलनी का स्वागत किया। सोशल मीडिया पर इसकी खूब चर्चा रही। 3 माह पहले भी फ्यूचर्स एनर्जी समिट के लिए अबूधाबी पहुंची मेलनी का रामा ने इसी तरह स्वागत किया था। उस वक्त अल्बानियाई पीएम ने मेलनी के लिए गाना भी गाया था।

### अल्बानिया के पीएम ने क्या किया

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो में देखा जा सकता है कि बारिश की बूंदों के बीच मेलोनी ने कार से उतरने के बाद वहां मौजूद सहायकों को छतरी लाने से मना कर दिया। उनके स्वागत में मौजूद



अल्बानियाई पीएम छतरी लेकर कार से कुछ कदमों की दूरी पर खड़े थे। मेलोनी जब उनकी तरफ बढ़ रही थीं, तो अचानक पीएम रामा ने अपनी छतरी किनारे रख दी और घुटने के बल बैठ गए।

अल्बानियाई समकक्ष को ऐसा करते देखकर मेलोनी थोड़ी देर के लिए झेंप भी गईं। बाद में मेलोनी को प्रधानमंत्री रामा ने गले लगाया। अल्बानियाई प्रधानमंत्री के इटली की प्रधानमंत्री के सामने घुटनों के बल बैठकर स्वागत करने को दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों से जोड़कर देखा जा रहा है। अल्बानिया और इटली में गहरे संबंध हैं। गौरतलब है कि अल्बानिया में यूरोपीयन पॉलिटिकल कम्युनिटी सम्मेलन हो रहा है, जिसमें यूरोपीय देशों के 40 से ज्यादा नेता शामिल हुए हैं। इटली की पीएम भी इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अल्बानिया पहुंची हैं।

# शांति वार्ता टूटते ही रूस ने यूक्रेन पर किया बड़ा ड्रोन हमला, नौ लोगों की मौत

**कीव।** यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी सुमी क्षेत्र में शनिवार को एक रूसी ड्रोन ने यात्री बस को निशाना बनाते हुए हमला किया। जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह हमला मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली बार हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें युद्धविराम नहीं हो सका।

### रूसी हमले के बाद की तस्वीरें जारी

यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में एक रूसी ड्रोन ने एक यात्री बस पर हमला किया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह हमला मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली प्रत्यक्ष शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुआ,



जिसमें युद्धविराम नहीं हो सका। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने रूस के साथ अग्रिम पंक्ति और सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर सुमी के बिलोपिलिया शहर में हमले के बाद की तस्वीरें जारी कीं।

अस्थायी युद्धविराम पर पहुंचने के प्रयास में शुक्रवार को रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों ने तुर्किये में मुलाकात की, लेकिन वार्ता दो घंटे से भी कम समय में बिना किसी सफलता के समाप्त हो गई। फरवरी 2022 में मॉस्को की तरफ से यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के शुरूआती हफ्तों के बाद से यह दोनों पक्षों के बीच पहली आमने-सामने की बातचीत थी। और जबकि दोनों पक्ष एक बड़े कैदी की अदला-बदली पर सहमत हुए।

# अमेरिका में आज से मंत्री स्तरीय वार्ता, लटनिक ग्रीयर से बात करेंगे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल

**वॉशिंगटन ।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल चार दिवसीय दौरे के दौरान अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीयर के साथ बातचीत करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस दौरान मुख्य वाताकारों को राजनीतिक मार्गदर्शन देने और पिछले दो महीनों में हुई प्रगति का आकलन किया जाएगा। 19 से 22 मई तक दोनों देशों के मुख्य वाताकारों के बीच विस्तृत चर्चा होगी। इस वर्ष सितंबर-अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से पहले दोनों देश अंतरिम व्यापार व्यवस्था पर विचार कर रहे हैं। वार्ता



में बाजार पहुंच, नियमों की उत्पत्ति और गैर-टैरिफ बाधाएं प्रमुख मुद्दे होंगे।

ऑटोमोबाइल, वाइन, डेयरी और सेब जैसे कृषि उत्पादों में छूट चाहता है अमेरिका भारत की ओर से अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम पर लगाए गए टैरिफ के जवाब में कुछ अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव

**भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आगे बढ़ने के लिए शनिवार से वाशिंगटन में मंत्री स्तरीय वाताएं शुरू होंगी**

भी चर्चा का विषय होगा। अमेरिका ने 9 जुलाई तक भारत पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क को निलंबित कर दिया है, लेकिन 10 प्रतिशत आधारभूत शुल्क जारी है। भारत इस समझौते के तहत अमेरिका से कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा उत्पाद, केमिकल, झींगा मछली और केले जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों में शुल्क रियायत की मांग कर रहा है। वहीं, अमेरिका ऑटोमोबाइल (विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन), वाइन, डेयरी और सेब जैसे कृषि उत्पादों में छूट चाहता है।

# व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव का दावा- कश्मीरी वेटर ने युद्ध रोकने के लिए ट्रंप को कहा शुक्रिया

**वॉशिंगटन ।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम कराने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को श्रेय दिया और एक कश्मीरी वेटर की कृतज्ञता का हवाला दिया, हालांकि भारतीय अधिकारियों ने इसमें अमेरिकी भागीदारी से इनकार किया था। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा- दोहा में वेटर के रूप में काम करने वाले एक कश्मीरी व्यक्ति ने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष को कम करने में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका के लिए व्यक्तिगत रूप से उन्हें धन्यवाद दिया है।

**राष्ट्रपति ट्रंप को नहीं मिल रहा पर्याप्त श्रेय'** : लेविट के अनुसार, वेटर ने कहा कि उसे अभी-अभी




सूचित किया गया था कि वह युद्ध विराम के बाद घर लौट सकता है, जो उसका मानना है कि अमेरिकी हस्तक्षेप के कारण संभव हुआ है। 'उसने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को वास्तव में परमाणु युद्ध को रोकने के लिए पर्याप्त श्रेय नहीं मिल रहा है और वे सही हैं।

बता दें कि, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़े तनाव के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष इस महीने की शुरूआत में चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के रूप में जारी रहा। 10 मई को दोनों देशों ने संघर्ष विराम के लिए सहमति जताई। इसे लेकर ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से दावा किया है कि अमेरिका ने संघर्ष विराम की मध्यस्थता की, लेकिन भारतीय सरकारी सूत्रों ने इस दावे को खारिज कर दिया है। नई दिल्ली ने स्पष्ट किया कि संघर्ष विराम दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सीधे समझौते के परिणामस्वरूप हुआ, जिसमें किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी नहीं थी।

### ट्रंप को विरासत में मिले दुनिया भर के सभी संघर्ष'

हालांकि, लेविट ने इस घटनाक्रम को ट्रंप की कूटनीतिक जीत के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप को दुनिया भर में बहुत सारे संघर्ष विरासत में मिले हैं और वे एक-एक करके उनसे निपट रहे हैं।

# यमन के सना एयरपोर्ट पर एक हफ्ते बाद फिर शुरू हुई उड़ानें, 136 यात्रियों को लेकर अम्मान से पहुंची फ्लाइट

**काहिरा ।** यमन की राजधानी सना पर बीते छह मई को हुए बड़े इस्राइली हमले के बाद सना एयरपोर्ट से शनिवार को एक बार फिर उड़ानों की शुरूआत हुई। मामले में हवाई अड्डे के प्रमुख खालिद अल-शैफ के मुताबिक, इस्राइल के हमले में टर्मिनल तबाह हो गया और रनवे पर बड़े गड्ढे बन गए। साथ ही कम से कम छह यात्री विमान भी क्षतिग्रस्त हुए, जिनमें तीन यमन की राष्ट्रीय एयरलाइन 'यमेनिया' के थे।

बता दें कि यमन में जारी संघर्ष के बीच बीते कुछ महीने से सना एयरपोर्ट ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के कब्जे में है। जहां उड़ान सेवा फिर से बहाल होने के बाद शनिवार को यमेनिया एयरलाइन की एक फ्लाइट 136 यात्रियों को लेकर सना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरी। यह विमान जॉर्डन की राजधानी अम्मान से रवाना हुआ था। इतना ही नहीं शनिवार को सना और अम्मान के बीच तीन और उड़ानों का कार्यक्रम तय किया गया है।



गौरतलब है कि गाजा में चल रहे इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान हौतियों ने इस्राइल पर कई बार मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। साथ ही रेड सी में जहाजों पर भी हमले किए गए, जिससे उनकी अंतरराष्ट्रीय पहचान बढ़ी है।अमेरिका ने मार्च के मध्य से हूतियों के खिलाफ हवाई हमले तेज कर दिए थे। हालांकि बाद में एक समझौते के तहत अमेरिका ने हमले रोके, और बदले में हौतियों ने जहाजों पर हमले बंद किए। लेकिन हूतियों ने इस्राइल पर हमले जारी रखे। इसके जवाब में शुक्रवार को इस्राइल ने हूती कब्जे वाले होदैदा और सालिफ बंदरगाहों पर फिर से हमले किए।

# नेपाल फोरम में चीनी नेता ने माउंट एवरेस्ट को कहा चोमुलुंगमा, पीएम ओली साधे रहे चुप्पी

**काठमांडू।** इस पर फोरम में मौजूद अन्य देशों के नेताओं ने आपत्ति जताई। जबकि नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली चुप्पी साधे रहे।

नेपाल में चल रहे सागरमाथा संबाद में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इसमें हिमालयी क्षेत्र में बर्फ के तेजी से पिघलने और पारिस्थितिकी तंत्र के कमजोर होने को लेकर चर्चा की जा रही है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में चीनी नेता ने अपने भाषण में माउंट एवरेस्ट को चोमुलुंगमा कहकर संबोधित किया।

जबकि अन्य देशों के नेताओं ने माउंट एवरेस्ट को अंग्रेजी और नेपाली नाम लेकर ही संबोधित किया। जब चीनी नेता ने माउंट एवरेस्ट का नया




नाम लिया तो कार्यक्रम में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा, वित्त मंत्री बिष्णु पौडेल समेत 200 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी मौजूद थे।

चीनी नेता के इस बयान ने नए विवाद को जन्म दे दिया है। इस मामले में भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि मुझे मामले की जानकारी नहीं है। काठमांडू में हो रहे कार्यक्रम में बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, यूके, यूएई,जापान, भारत, कतर, कजाखिस्तान, ब्राजील, मिस्त्र, ओमान और पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहा है। इसके अलावा यूएन, विश्व बैंक, एडीबी, सार्क, बिम्सटेक और

**पाल में चल रहे सागरमाथा संबाद कार्यक्रम में चीनी नेता ने माउंट एवरेस्ट को चीनी नाम से संबोधित किया। चीन की स्थायी समिति के उपाध्यक्ष शियाओ जी ने कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान करीब 10 बार माउंट एवरेस्ट को चोमुलुंगमा कहा**

आईसीआईएमओडी के प्रतिनिधि में भी शामिल हो रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी किया था संबोधित

सागरमाथा संबाद कार्यक्रम को भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत पूरी तत्परता से जलवायु कार्रवाई में अपना योगदान दे रहा है। 'विकसित देशों ने जलवायु वित्त, तकनीक और जलवायु परिवर्तन से प्रभावित देशों में क्षमता निर्माण का वादा किया था, लेकिन अब वे इससे मुकर रहे हैं। इससे जलवायु संकट बढ़ रहा है।

# गाजा में इस्राइली हमलों में मारे गए 108 लोग

**गाजा सिटी ।** इस्राइल लगातार गाजा पर हवाई हमले कर रहा है। हालिया हमलों में गाजा में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार के हवाई हमलों में अभी तक 108 लोग मारे गए हैं। मरने वाले लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इन हमलों के बाद लोग बड़ी संख्या में इलाकों को छोड़कर जा रहे हैं।

इस्राइल ने शुक्रवार को यमन में दो बंदरगाहों पर भी हमला किया था। इस्राइल का दावा है कि इन बंदरगाहों का इस्तेमाल हूती विद्रोही समूह हथियारों के लेनदेन के लिए कर रहे थे। दीर अल-बला के बाहरी इलाकों और खान यूनिस शहर में गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक हमले किये गये। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। गाजा में इस्राइल की नाकेबंदी का अब तीसरा महीना है।

इस्राइल ने शुक्रवार को कहा कि वह गाजा में आतंकवादियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखे हुए है और पिछले दिन उसने 150 ठिकानों पर हमले किये। वहीं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हमले शुक्रवार



सुबह तक होते रहे और लोगों को जबालिया शरणार्थी शिविर एवं बेत लाहिया शहर से भागना पड़ा। पिछले हमलों में 130 से अधिक लोग मारे गए थे। यमन में हमलों के बाद किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

हूती के उपग्रह चैनल अल-मसीरा ने हमलों की बात स्वीकार की, लेकिन कोई अन्य विवरण नहीं दिया। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने ट्रंप की यात्रा के दौरान यमन से इजराइली हवाई क्षेत्र की ओर दागी गई कई मिसाइलों को रोक दिया। बंधकों की रिहाई बंद होने के बाद इस्राइल कर रहा है बड़े हमले इस्राइली सरकार के प्रवक्ता डेविड मेन्सर ने शुक्रवार को कहा था कि इजराइली सेना अपने अभियान तेज कर रही है। उन्होंने कहा कि इजराइल ने अभियान को तब से तेजी दी है जब से हमास ने बंधकों को रिहा करना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य उन्हें (बंधकों को) वापस घर लाना और हमास को सत्ता से हटाना है।₹ उन्होंने कहा कि इस्राइल बातचीत के दौरान हमास पर दबाव बनाना जारी रखेगा और कहा कि नतीजे मिल रहे हैं। इस्राइल और गाजा के बीच यह युद्ध सात अक्टूबर 2023 को शुरू हुआ था, जब हमास के नेतृत्व में आतंकवादियों ने दक्षिणी इजराइल में घुसपैठ कर 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी। इसके जवाब में इस्राइल ने व्यापक सैन्य कार्रवाई की।

# गाजियाबाद बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का शपथ-ग्रहण समारोह सम्पन्न













**गाजियाबाद करंट क्राइम। बार एसोसिएशन गाजियाबाद की निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को न्यायालय परिसर में सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में जिला जज आशीष गर्ग की अध्यक्षता में निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं सचिव अमित कुमार नेहरा ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन के प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ शबनम शान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कपिल त्यागी मोरटा, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, सहसचिव प्रशासन सोनिका सिंह ने भी शपथ ग्रहण की।**

## जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील दिवस सम्पन्न

### तीनों तहसीलों में कुल 142 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 14 का निस्तारण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

**मोदीनगर तहसील:** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 3 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम निखिल चक्रवर्ती, एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**सदर तहसील:** एडीएम सिटी गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 9 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, तहसीलदार रवि सिंह, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**लोनी तहसील:** एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम लोनी, तहसीलदार लोनी, नगर पालिका, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस प्रकार तीनों तहसीलों में मोदीनगर 51, सदर 54 व लोनी में 37 शिकायतें प्राप्त हुई। कुल प्राप्त 142 शिकायतें में से 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अध्यक्ष महोदय द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## रक्षा राइफल रेंज की भूमि पर निगम करेगा पौधारोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर डॉक्टर अनुज उद्यान प्रभारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 मे वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु टीम के साथ योजना बनाई गई, जिसके क्रम में उद्यान विभाग के उद्यान पर्यवेक्षक, समस्त हेडमली, समस्त सुपरवाइजर व टीम के साथ समीक्षा बैठक की गई। शहर को सुंदर बनाने के क्रम में कार्य योजना भी बनाई गई तथा चल रहे कार्यों को और अधिक मेहनत से शहर के समस्त ग्रीन बेल्ट में पार्कों को व्यवस्थित करने के लिए भी जोन वार चर्चा की गई।

डॉ अनुज उद्यान प्रभारी द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार समस्त उद्यान विभाग टीम द्वारा शहर की पार्कों एवं ग्रीन बेल्ट में नियमित पेड़ पौधों की सिंचाई का कार्य, आवश्यक कटिंग का कार्य कराया जा रहा है जिसके लिए मालियों के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग सभी वार्डों में सुपरवाइजर कर रहे हैं। मालियों की अटेंडेंस 311 अप के माध्यम से कराई जा रही है जिससे न केवल उद्यान विभाग कर्मचारी की उपस्थिति बढ़ रही है बल्कि कार्य में भी सुधार दिखाई दे रहा है, इसके अलावा और अधिक शहर हित में बेहतर कार्य करने के लिए टीम को मोटिवेट किया गया, पार्कों एवं ग्रीन बेल्ट में पेड़ पौधों की सिंचाई समय पर हो लगे हुए नलकूप की मरम्मत पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। गाजियाबाद नगर निगम, रक्षा राइफल रेंज की भूमि पर फेंसिंग का कार्य करने सिंचाई व्यवस्था हेतु आवश्यकता को देखते हुए समरसेबल पंप लगाने, तथा बृहद रूप में पौधारोपण करने की योजना बना रहा है जिसके लिए डॉक्टर अनुज द्वारा उद्यान टीम को निर्देश दिए गए हैं विजयनगर क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी बृहद रूप में पौधारोपण किया जाना है जिसके लिए स्थान का चयन करना तथा चिन्हित स्थानों पर गड्ढा खोदने की कार्यवाही को भी रफ्तार देने के निर्देश दिए गए हैं, पौधों का विवरण भी तैयार करने की निर्देश उद्यान पर्यवेक्षक को दिए गए।

### शिक्षा ही समाज के विकास की नींव : नन्दकिशोर गुर्जर

## लोनी विधायक ने गांधी स्मारक इंटर कॉलेज मंडोला में सभागार कक्ष का किया लोकार्पण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मन्डोला स्थित गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में शनिवार को शिक्षा गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु 20 लाख से अधिक की राशि से नवनिर्मित भव्य सभागार कक्ष बरामदा समेत का लोकार्पण विधायक नन्दकिशोर गुर्जर द्वारा किया गया।




कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल व जिला उपाध्यक्ष रामकुमार त्यागी विशेष रूप से उपस्थित रहे जिन्होंने लोनी में शिक्षा के क्षेत्र में आये बदलाव की प्रशंसा की। विकास कार्य का प्रस्ताव ब्लॉक प्रमुख वंदना कोमल गुर्जर ने दिया था। उद्घाटन कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने कहा, शिक्षा ही समाज के विकास की नींव है। जब हमारे क्षेत्र के विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। तब हमने संकल्प लिया था कि हम हर विद्यालय को आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करेंगे। गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में यह सभागार न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का मंच बनेगा, बल्कि लोनी में शिक्षा के स्तर को भी नई ऊंचाई देगा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रेम सिंह और प्रबंधक श्योराज सिंह ने विधायक गुर्जर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी विद्यालय को किसी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता हुई, विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने तत्परता से सहयोग किया। इसी के परिणामस्वरूप आज यह आधुनिक सभागार साकार हो पाया है। कार्यक्रम में वित्तविहीन स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष मास्टर राजकुमार, भाजपा नेता अरुण त्यागी सहित अनेक स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### नगर आयुक्त ने पार्किंग व्यवस्था तथा जल संरक्षण के लिए शहरवासियों से की अपील

## कल के लिए आज जल का सदुपयोग बेहद जरूरी : विक्रमादित्य सिंह मलिक




**- नगरायुक्त ने शहरवासियों से की मार्गों को बाधित न करने की अपील**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर वासियों से पार्किंग व्यवस्था, जल के सदुपयोग व जल संरक्षण हेतु अपील की जा रही है, जिसके क्रम में मुख्य मार्गों तथा गलियों में खड़े हुए वाहनों को सही ढंग से पार्क करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी के साथ कार/ बाइक एवं अन्य वाहन को धोने के लिए स्वच्छ जल का इस्तेमाल न करने के लिए भी अपील की गई है जल संचयन करने हेतु जागरूक किया गया है।

नगर आयुक्त द्वारा शहरवासियों को विस्तार से गलियों में वाहन पार्किंग सही ढंग से करने घरों में बने एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर गाड़ी खड़े करने तथा आवागमन को सरल बनाए रखने के लिए अपील करते हुए जागरूक किया गया है। आवागमन बाधित न हो विशेष ध्यान रखने के लिए शहर वासियों से अपील की गई है।

नगर आयुक्त द्वारा जल संरक्षण के क्रम में गाड़ियों के धुलाई के लिए कम से कम जल इस्तेमाल में लाने हेतु, जल का सदुपयोग करने हेतु अपील की जा रही है जिसके क्रम में ही जन प्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से गाजियाबाद नगर निगम बेहतर कार्य कर रहा है जो की सराहनीय है।

## उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बैठक संपन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मयूर महेश्वरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक क्षेत्र साईट-4, साहिबाबाद, गाजियाबाद में शनिवार को औद्योगिक संगठनों के साथ बैठक की। बैठक में विशेष रूप से इन बिन्दुओं पर चर्चा की गई :-

बैठक में उद्यमियों द्वारा उठाये गये बिन्दुओं के समाधान के क्रम में सी0ई0एल0 कम्पनी के पास यूपीसीडा के पार्क पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किये गये अवैध निर्माण के विरुद्ध अधिकारियों को मौके पर तत्काल निर्देशित करते हुये प्रथम सूचना रिपोर्ट, लिंक रोड थाना, साहिबाबाद, गाजियाबाद में दर्ज कराई गयी है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा उद्यमियो द्वारा उठाये गये बिन्दुओं के सम्बंध में अवगत कराया गया कि औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद में धनराशि रू. 12.00 करोड की लागत से क्षतिग्रस्त सडकों का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा 19.00 करोड की लागत की निविदा प्रक्रिया में है। शेष बची क्षतिग्रस्त सडकों हेतु धनराशि रू. 40.00 करोड का आगणन प्रक्रिया में है। उद्यमिओं की काफी समय से लम्बित मांग ब्रिज विहार माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य भी प्रगतिरत है। इसमें यूपीसीडा द्वारा लगभग रू. 15.00 करोड की धनराशि व्यय की जा रही है। रख-रखाव का स्तर बढाये जाने हेतु कूडा निस्तारण, नालों की सफाई का कार्य भी कराया जा रहा है।



उद्यमियों द्वारा ब्रिज विहार माईनर ब्रिज के रूट डाईवर्जन में सडक पर हो रहे गड्ढों को भरवाये जाने की मांग की गई इस सम्बंध में सेतु निगम परियोजना प्रबन्धक को तत्काल गड्ढे भरे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उद्यमियों द्वारा मांग की गई कि मेंटेनेंस चार्ज यूपीसीडा द्वारा बढ़ा दिये गये हैं, इस सम्बंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कोई चार्ज नहीं बढाया गया है। इस हेतु उद्यमी ऐसोसिएशन व क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा, गाजियाबाद के साथ बैठक कर समझ लें।

लोनी रोड साईट-2, गाजियाबाद के उद्यमी द्वारा सडक संख्या 12 के निर्माण कार्य के सम्बंध में अनुरोध किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा उप महा प्रबंधक (सिविल) को निर्देशित किया गया कि लोनी रोड, साईट-2, गाजियाबाद का निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उद्यमियों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु तत्काल व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाये। जिससे समस्त सूचनायें उद्यमियों के साथ ग्रुप में साझा करें। तदनुरूप उनका निराकरण स्थानीय अधिकारीगण सुनिश्चित करें।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा उद्यमियों से अपील की गई कि वो अपनी अपनी औद्योगिक इकाईओं के सामने और सडक के बीच में हरित क्षेत्र विकसित करें। इस सम्बंध में पहाडपुर कूलिंग टॉवर के प्रतिनिधि द्वारा अपने सामने हरित क्षेत्र विकसित करने का आश्वासन दिया गया। उद्यमियों द्वारा शिकायत की गई बी0पी0एल0 फैक्ट्री द्वारा औद्योगिक क्षेत्र की नालियों को अतिकृमित कर लिया गया है। जिसमें तत्काल मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा हटाये जाने के निर्देश किये गये।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा उप महाप्रबंधक (सिविल) व क्षेत्रीय प्रबंधक, गाजियाबाद को निर्देशित किया गया कि औद्योगिक क्षेत्र में निरंतरता से उद्यमियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से बैठक की जाये। औद्योगिक क्षेत्र साईट-4, साहिबाबाद, गाजियाबाद में वैण्डिंग जोन एवं ट्रक ले वाई हेतु तत्काल स्थान चिन्हित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ प्रधान महा प्रबन्धक, राजीव त्यागी, उप महा प्रबंधक आर0एस0 यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप कुमार सत्यार्थी, वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) आशीष तोमर, सेतु निगम परियोजना प्रबंधक, रजनीश कुमार के साथ-साथ औद्योगिक ऐसोसियेशन के पदाधिकारीगण मुकेश गुप्ता, अशोक चौधरी, राजेश शर्मा, दिनेश मित्तल, अजीत तोमर, संजय गर्ग एवं आर0के0 सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बृज विहार में उद्योग व्यापार मंडल ने वाटर फ्रिज का किया शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार में उद्योग व्यापार मंडल व राजेन्द्र अग्रवाल के सहयोग से सोलंकी डेरी के पास वाटर कूलर लगाकर ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। इस से उमस भरी गर्मी में बाजार में आने जाने वाले लोगों व आमजन के लिए का बड़ा वाटर कूलर लगाकर ठंडे पानी की व्यवस्था कराई गई। बॉबी त्यागी ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में ठंडा पानी पीने से शरीर को ठंडक मिलती है और लोग तरोताजा महसूस करते हैं।



इसके अलावा, ठंडा पानी पाचन में भी सुधार करता है और शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष जसवीर त्यागी, बॉबी त्यागी, विपिन त्यागी, राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व पार्षद गोपाल करकेती, पवन सोलंकी, जे के सहाय, तरुण जैन आदि लोग मौजूद रहे।

## अंतरिक्ष ग्रीन्स सोसायटी में हाउसकीपिंग स्टाफ हटाने पर हंगामा, लोगों ने जताई नाराजगी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी अंतरिक्ष ग्रीन्स सोसायटी में उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब सोसायटी से हाऊ स्पीकिंग स्टाफ को हटा दिया गया। सोसाइटी में अंदर इंट्री ना होने पर में हाउसकीपिंग स्टाफ सोसायटी निवासी गेट पर एकत्र हो गए, और एओए के खिलाफ विरोध जताया। लोगों ने मांग की कि हाउसकीपिंग स्टाफ की तैनाती तुरंत वापस लिया जाए, ताकि सफाई व्यवस्था बहाल हो सके। हाउसकीपिंग स्टाफ अमन ने बताया कि बिना नोटिस दिया ही पूरे स्टाफ को हटा दिया गया। सोसाइटी में एंट्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया, इसको लेकर उन्होंने पुलिस थाने में भी की जानकारी दी है। उनका कहना है कि 10 दिन का नोटिस तो देना चाहिए था, जिससे हम अपनी दूसरी जगह नौकरी तलास कर सके।

इस सोसाइटी में 4 वर्षों से हम लोग काम कर रहे हैं। अभी तक कोई भी परेशानी नहीं हुई थी, लेकिन जब से सोसायटी की नई टीम गठित हुई है। तब से ही हम लोगों को परेशान किया जा रहा है और इसका नतीजा यह है कि आज सोसाइटी में एंट्री बंद कर दी।



सोसायटी एओए के अध्यक्ष मोहम्मद नासिर में बताया कि हाउसकीपिंग स्टाफ ठीक से काम नहीं कर रहा था। चेतावनी देने के बाद भी अपनी जिम्मेदारी पर सोसाइटी में काम नहीं कर रहे थे। उन लोगों को कई बार चेतावनी देकर छोड़ दिया गया, लेकिन कई बार नोटिस भी दिया गया है। लेकिन उनमें कोई सुधार नहीं हुआ। सोसायटी में काम करने को तैयार नहीं थे, कहीं इधर-उधर जाकर बैठ जाते थे। जिस कारण आज एवं टीम में हाउसकीपिंग स्टाफ को हटा दिया गया। इस मौके पर संदीप यादव, तेजपाल, अमन, सचिन, संजीव, अर्जुन आदि लोग मौजूद रहे।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने हर्षोल्लास के मनाया वार्षिकोत्सव

### 'मां-पा कम सून' की कहानी ने झकझोरा अभिभावकों का दिल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद में शनिवार को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें कक्षा चार व छह तक के लगभग 130 छात्रों ने भाग लिया। समारोह को मुख्य अतिथि डॉ. गुंचा अरोरा मोहन रहो। समारोह क प्रारंभ में छात्रों ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यकम के अन्त में डायरेक्टर डॉ० अरुणाभ सिंह ने उपस्थित अभिभावकों व अतिथिगणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, छात्रों के अभिनय की प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित आगन्तुकों ने छात्रों के अभिनय और नृत्य की प्रशंसा की।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रत्येक व्यक्ति का अपना लाइफस्टाइल होता है। कुछ लोग संघर्ष करते हैं और अपनी जमीन तैयार करते हैं। प्राची शर्मा ने संघर्ष को अपनी पोस्ट के जरिए अपने शब्दों में साझा किया ' उन्होंने एक तरह से नसीहत दी और लिखा कि उड़ने का हुनर खुद पर रखो दुनिया तो जाल बिछाए बैठी है। प्राची शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।